# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, बुधवार 18 दिसम्बर 2024 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 13, अंक 342




कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कांग्रेस... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • स्मृति मंधाना वनडे-टी20 अंतरराष्ट्रीय दोनों...

## हाईकोर्ट ने झारखंड सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट पर लगाई रोक

### पेपर लीक की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश

एजेंसी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड स्टाफसेलेक्शन कमीशन की ओर से ली गई सीजीएल (कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल) परीक्षा 2023 का परिणाम प्रकाशित करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। परीक्षा का पेपर कथित तौर पर लीक किए जाने की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राजेश कुमार एवं अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक की शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस एफआईआर दर्ज करें और अनुसंधान कर रिपोर्ट दे। राजेश कुमार ने इस संबंध में संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए ऑनलाइन शिकायत की थी, लेकिन उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इस मामले में हाईकोर्ट में पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर ओर से बताया गया था कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी 2024 को हुई थी।

## आग लगने से दो व्यक्ति जिंदा जले

**जयपुर।** राजस्थान में नागौर जिले के सदर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार सुबह एक कंटेनर एवं ट्रेलर में भिड़ंत के बाद आग लगने से दोनों वाहनों के चालक जिंदा जल गये। उप पुलिस अधीक्षक राम प्रताप बिश्नोई ने बताया कि नागौर-बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर बाराणी गांव के पास आज सुबह करीब छह बजे एक कंटेनर और ट्रेलर की बीच भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। घटना में दोनों वाहनों के चालक फंस गए और जिंदा जल गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर नागौर की सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा आग बुझाने का प्रयास किया।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में चार की मौत

एजेंसी



**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के खंदौली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार और मंगलवार की रात हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस-वे के 161 किमी माइल स्टोन पर खंदौली टोल प्लाजा के पास देर रात करीब डेढ़ बजे ट्रक और कैंटर में भिड़ंत हो गई, जिससे कैंटर गाड़ी एक्सप्रेस-वे के बीच रास्ते में खड़ी हो गई। कैंटर का चालक ड्राइविंग सीट पर ही फंसा हुआ था। एक्सीडेंट को देखकर पीछे से आई एक कार वहां रुकी। एक दूसरी कार भी इसी वक्त आ गई। दोनों कार सवार लोगों ने अपनी-अपनी गाड़ियों को खड़ा किया और दुर्घटनाग्रस्त कैंटर के चालक को बाहर निकालने लगे। कार सवार लोगों ने हादसे का शिकार हुए कैंटर के चालक को बाहर निकाल लिया था और वे उसे सहारा देकर एक्सप्रेस-वे के एक साइड ले जा रहे थे कि तभी आगरा से नोएडा की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने मददगारों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाली कार इतनी स्पीड में थी कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में कैंटर चालक और कार सवार तीन लोग बताए जा रहे हैं। मृतकों में से एक का नाम अनिल कुमार सिंह निवासी लोनी गाजियाबाद बताया गया है। वह कार द्वारा गोरखपुर से नोएडा जा रहे थे। शेष तीन की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। टक्कर मारने वाली कार ने एक्सप्रेस वे पर खड़ी अन्य कारों और कैंटर को भी टक्कर मारी और एक्सप्रेस वे के क्रैश बीम से टकराकर पलट गई, जिससे कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर खंदौली टोल अथॉरिटी की टीम व थाना प्रभारी निरीक्षक खंदौली राकेश कुमार चौहान पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। खंदौली टोल प्लाजा के प्रभारी तुलसीराम गूजर और पुलिस ने आशंका जताई है कि टक्कर मारने वाली कार का गाड़ी पर नियंत्रण नहीं था। मेडिकल जांच के बाद इस बात की पुष्टि हो पाएगी कि कार चालक नशे में तो नहीं था। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल कार चालक को एसएन हॉस्पिटल में भेजा जबकि चारों मृतकों के शवों को पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मोदी एकदिवसीय यात्रा पर पहुंचे जयपुर

**जयपुर।** प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान की एक दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को जयपुर पहुंचे। श्री मोदी करीब साढ़े ग्यारह बजे वायुसेना के विशेष विमान से जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद वह हेलीकाप्टर से जयपुर में ही दादिया गांव पहुंचे जहां वह राजस्थान की नयी सरकार के एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। श्री मोदी इस कार्यक्रम में राजस्थान में ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इनमें नौ परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा जिनका विकास कुल 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इनमें केंद्र सरकार की सात और राज्य सरकार की दो परियोजनाएं शामिल हैं। श्री मोदी 35 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक की 15 परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जिनमें नौ केंद्र सरकार की और छह परियोजनाएं राज्य सरकार की हैं। इसी तरह इस दौरान प्रधानमंत्री अन्य कई परियोजनाओं की सौगात देंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री सी आर पाटिल, गजेन्द्र सिंह शेखावत, भागीरथ चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे , भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित कई नेता पहले पहले ही पहुंच चुके हैं।

# योगी सरकार ने पेश किया 17,865 करोड़ का अनुपूरक बजट

### ऊर्जा विभाग की बल्ले बल्ले, मिले सबसे अधिक 8587 करोड़

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने आज विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। 17,865.72 करोड़ रुपए के इस अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं।

योगी सरकार का इस वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट है, जो मूल बजट 7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपए का 2.42 प्रतिशत है। इससे पूर्व योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट प्रस्तुत कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपए का हो गया है। योगी सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। द्वितीय अनुपूरक बजट का आकार 17,865.72 करोड़ रुपए है। यह सरकार विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार है और जब भी आवश्यकता होती है तब संवैधानिक तरीके से सदन के माध्यम से अनुपूरक बजट लाने का अधिकार है। अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। इसमें केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपए के केंद्रांश की राशि भी अनुमानित है।



♦ **केंद्रीय योजनाओं के साथ ही आकस्मिक खर्चों का भी प्रस्ताव शामिल**

कंटिजेंसी से जो 30 करोड़ 48 लाख रुपए का पैसा लिया गया था, उसकी भी प्रतिपूर्ति का भी प्रस्ताव इसमें शामिल है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अनुपूरक बजट में विभिन्न विभागों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप बजट जारी किया जाएगा। इसमें ऊर्जा विभाग को 8587.27 करोड़ रुपए, वित्त विभाग को 2438.63 करोड़ रुपए, परिवार कल्याण विभाग को 1592.28 करोड़ रुपए, पशुधन विभाग के लिए 1001 करोड़ रुपए, लोकनिर्माण विभाग के लिए 805 करोड़ रुपए, प्राथमिक शिक्षा विभाग के लिए 515 करोड़ रुपए, सूचना विभाग के लिए 505 करोड़ रुपए, पंचायती राज विभाग के लिए 454.01 करोड़ रुपए और चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के लिए 354.54 करोड़ रुपए का बजट प्राविधानित किया गया है।

## एक देश एक चुनाव का फैसला लोकतंत्र के लिये घातकः अखिलेश

एजेंसी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 'एक देश-एक चुनाव' का फ़ैसला सच्चे लोकतंत्र के लिए घातक साबित होगा और यह देश के संघीय ढांचे पर भी एक बड़ी चोट करेगा। उन्होने कहा कि इससे क्षेत्रीय मुद्दों का महत्व ख़त्म हो जाएगा और जनता उन बड़े दिखावटी मुद्दों के मायाजाल मे फंसकर रह जाएगी, जिन तक उनकी पहुँच ही नहीं है। लोकतांत्रिक संदर्भों में 'एक' शब्द ही अलोकतांत्रिक है। लोकतंत्र बहुलता का पक्षधर होता है।

'एक' की भावना में दूसरे के लिए स्थान नहीं होता। जिससे सामाजिक सहनशीलता का हनन होता है। व्यक्तिगत स्तर पर 'एक' का भाव, अहंकार को जन्म देता है और सत्ता को तानाशाही बना देता है। श्री यादव ने कहा कि देश में जब राज्य बनाए गये तो ये माना गया कि एक तरह की भौगोलिक, भाषाई व उप सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के क्षेत्रों को 'राज्य' की एक इकाई के रूप में चिन्हित किया जाए। इसके पीछे की सोच ये थी कि ऐसे क्षेत्रों की समस्याएं और अपेक्षाएं एक सी होती हैं, इसीलिए इन्हें एक मानकर नीचे-से-ऊपर की ओर ग्राम, विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा के स्तर तक जन प्रतिनिधि बनाएं जाएं। इसके मूल में स्थानीय से लेकर क्षेत्रीय सरोकार सबसे ऊपर थे। 'एक देश-एक चुनाव' का विचार इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को ही पलटने का षड्यंत्र है। उन्होने कहा कि एक तरह से ये संविधान को ख़त्म करने का एक और षड्यंत्र भी है। इससे राज्यों का महत्व भी घटेगा और राज्यसभा का भी। कल को ये भाजपा वाले राज्यसभा को भी भंग करने की माँग करेंगे और अपनी तानाशाही लाने के लिए नया नारा देंगे 'एक देश-एक सभा'। जबकि सच्चाई ये है कि हमारे यहाँ राज्य को मूल मानते हुए ही 'राज्यसभा' की निरंतरता का संवैधानिक प्रावधान है। लोकसभा तो पाँच वर्ष तक की समयावधि के लिए होती है।

# संभल में मिला और एक बंद मंदिर

एजेंसी



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में एक और मंदिर बंद मिला है। बंद पड़े मिले मंदिर को राधा कृष्ण का मंदिर बताया जा रहा है। संभल के हयातनगर क्षेत्र के मोहल्ला सरायतरीन के कछुवायन में मंगलवार को राधा कृष्ण के एक मंदिर के काफी समय से बंद होने की जानकारी मिली। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर के आसपास मुस्लिम आबादी के साथ-साथ कुछ हिंदुओं की भी आबादी थी लेकिन हिंदू आबादी के लोग धीरे-धीरे मोहल्ले को छोड़कर चले गए जिस कारण मंदिर में पूजा पाठ बंद हो गया और मंदिर में ताला लग गया। प्रशासन अब मंदिर को खुलवाने की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि बीते माह संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुए विवाद में चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी। विवाद के दौरान कई पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिसकर्मी घायल हुए थे। संभल का पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्व है। संभल में अनेकों तीर्थ स्थल, कूप एवं सराय है। मान्यता है कि भगवान कल्कि का अवतार भी संभल में ही होना है। शनिवार को पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को बिजली की चेकिंग के दौरान मोहल्ला खग्गू सराय में भगवान कार्तिकेय का एक प्राचीन मंदिर बंद पड़ा मिला था, जिस पर तीन तरफ से अतिक्रमण कर लिया गया था। वर्ष 1978 में संभल में हुए सांप्रदायिक दंगे के बाद पिछले 46 साल से बंद पड़े मंदिर को प्रशासन ने खुलवाकर मंदिर में पूजा पाठ शुरू कराई और मंदिर को अतिक्रमण से मुक्त कराया। बंद पड़े मंदिर पर अतिक्रमण होने के साथ ही मंदिर के पास ही एक कुएं के भी बंद होने की जानकारी प्रशासन को मिली, जिस पर प्रशासन ने कुआं को साफ कराने का निर्णय लिया। सोमवार को बंद पड़े कुए की सफाई कराये जाने के दौरान 10 12 फीट की गहराई पर कुएं में से शिव परिवार की खंडित मूर्तियां मिली थीं।

## सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी व बेटे की मौत

**भिंण्ड।** मध्यप्रदेश के भिण्ड में ग्वालियर-इटावा नेशनल हाईवे पर गिट्टी से भरे ट्रॉला ने एक ऑटो को सामने से टक्कर मार दी। इस हादसे में पति, पत्नी और दो साल के बेटे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार पावई क्षेत्र के दीखतन का पुरा में रहने वाले अनिल बघेल (30), पत्नी आरती बघेल (27) अपने दो साल के बेटे गणेश के साथ कल रात में आटो से अपने गांव दीखतन का पुरा लौट रहे थे। दबोहा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रॉला ने ऑटो को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आईं। आरती और बेटे गणेश ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि अनिल को ग्वालियर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान आज दम तोड़ दिया। भिण्ड देहात थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

# केन्द्र सरकार राजस्थान के विकास में नहीं छोडेगी कोई कोर कसर-मोदी

एजेंसी



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन की सरकार को सुशासन का प्रतीक बताते हुए भरोसा दिया है कि जब राजस्थान विकसित होगा तब भारत भी विकसित होगा और आने वाले वर्षों में और तेज गति से विकास होगा तथा केन्द्र सरका राजस्थान के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

श्री मोदी मंगलवार को यहां दादिया गांव में भजनलाल सरकार के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्थान की जनता को भाजपा सरकार को एक साल पूरे करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि आज इतनी बड़ी तादाद में लोग आर्शीवाद देने आये हैं यह मेरा सौभाग्य हैं। उन्होंने कहा कि बिते एक वर्ष में राजस्थान के विकास को नई गति एवं नई दिशा देने में भजनलाल सरकार एवं उनकी टीम ने बहुत परिश्रम किया हैं। यह पहला वर्ष एक प्रकार से आने वाले अनेक वर्षों की मजबूत नींव बना हैं इसलिए आज यह उत्सव सरकार के एक साल पूरा होने तक सीमित नहीं हैं, यह राजस्थान विकास का भी उत्सव है। उन्होंने कहा मैं कुछ दिन पहले ही यहां निवेश सम्मेलन में आया था जहां देश और दुनिया भर के बड़े-बड़े निवेशक यहां जुटे थे और आज 45 हजार करोड़ से अधिक के प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है जो राजस्थान में पानी की चुनौती का स्थाई समाधान करेंगे। राजस्थान में निवेश को बल मिलेगा और रोजगार के अनगिनत अवसर मिलेंगे। राजस्थान के पर्यटन, किसानों एवं नौजवानों को इससे बहुत फायदा होगा। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें है और भाजपा जो भी संकल्प लेती हैं उस पर ईमादारी से प्रयास करती है तथा देश के लोग कह रहे है कि भाजपा सुशासन की गारंटी हैं। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक राज्यों में आज भाजपा को इतना जनसमर्थन मिल रहा है कि देश ने लोकसभा में भाजपा को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है जो पिछले साठ सालों में हिन्दुस्तान में ऐसा नहीं हुआ। भारत की जनता ने तीसरी बार केन्द्र में भाजपा सरकार बनाई हैं और मधयप्रदेश में लगातार दूसरी बार और हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी हैं और पहले से ज्यादा बहुमत दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के उपचुनाव में भी भाजपा को लोगों ने जबरदस्त समर्थन दिया है जो यह दिखाता हैं कि भाजपा के काम और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर जनता-जनार्दन का कितना विश्वास हैं।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)
YouTube shakuntimes
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की
प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया
यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका
अधिक जानाकरी के लिए
अपना नाम व जिला हमें
WhatsaApp करें।
9935781155, 9415052283

# ललित कला-महोत्सव, 2024 का शुभारंभ

शकुन टाइम्स संवाददाता




**गोरखपुर।** गोरखपुर नेशनल एजूकेशनल सोसाइटी पूर्वाचल की एक सौ पन्द्रह वर्ष पुरानी ख्यातिलब्ध शिक्षण संस्था है, जिसके द्वारा महात्मा गांधी इण्टरमीडिएट कॉलेज, महात्मा गांधी पी0जी0 कॉलेज, राम नरायन लाल कन्या इण्टर कॉलेज, राम गरीब लाल छात्रावास, प्रकाश नरायन इन्स्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर टेक्नालॉजी एवं आर0बी0टी0सी0 जैसे शिक्षण संस्थान संचालित किये जाते हैं। इन संस्थानों में लगभग 11000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सोसाइटी वर्ष के अंत में अपने पूर्व पदाधिकारियों की स्मृति में %ललित कला-महोत्सव% का आयोजन करती है। इस वर्ष यह महोत्सव दिनांक-18 दिसंबर से 21 दिसंबर, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। इस महोत्सव में कुल बारह प्रतियोगिताएँ (निबंध, वाद-प्रतिवाद, विज्ञान प्रदर्शनी, एकल नृत्य, चित्रकला, एकल-गायन, पाक-कला, योग, एकांकी, काव्य-पाठ, क्विज एवं वादन) आयोजित हो रही हैं, जिसमें हमारे तीनों विद्यालयों के साथ-साथ शहर के अनेक शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागी सम्मिलित होंगे। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र दिया जायेगा। कला-महोत्सव का इतिहास 51 वर्ष पुराना है, जिसकी शुरुआत सन् 1973 ई0 में चित्रकला प्रतियोगिता के रूप में की गई थी।

महानगर एवं आसपास के शिक्षण संस्थानों के छात्र/छात्राओं एवं कला प्रेमियों को इन प्रतियोगिताओं का बेसब्री से इंतजार रहता है। चारो दिन परिसर में फूड कोर्ट लगा रहेगा, जिसमें आगन्तुक एवं विद्यार्थी उचित दर पर जलपान कर सकेंगे।

प्रतियोगिता का भव्य समारंभ (उद्घाटन) 18 दिसंबर, 2024, पूर्वाह्न 10ः00 बजे रमेश जी, प्रान्त प्रचारक, गोरक्ष प्रान्त, के कर कमलों से महात्मा गांधी इण्टरमीडिएट कालेज प्रांगण में होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में शहरनामा के सम्पादक-डॉ0 वेद प्रकाश पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य, किसान पी0जी0 कालेज, सेवरही, कुशीनगर की उपस्थिति रहेगी। चित्रकला प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डॉ0 भारत भूषण जी होंगे। महोत्सव का पुरस्कार-वितरण दिनांक 21 दिसंबर, 2024, अपराह्न 02ः30 बजे से डॉ0 प्रदीप राव कुलसचिव, गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कर कमलों द्वारा होगा।

# एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेन्द्र मीना के द्वारा वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी अनिरूद्ध कुमार के प्रवेक्षण में व थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार पाठक के नेतृत्व में थाना फरेन्दा पुलिस टीम के (चौकी प्रभारी) गंगाराम यादव, कांस्टेबल अमित कुमार सिंह के द्वारा मु0अ0सं0 263/24 धारा 118 (1),131,352.109,3(5) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गणेश चौहान पुत्र गज्जर उम्र 21 वर्षीय निवासी ग्राम बनकटा मौजा बाजारडीह (फरेन्दा) को मंगलवार को 11ः45 बजे फैन्सी बुक एजेन्सी दक्षिणी बाईपास कस्बा फरेन्दा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# संक्षिप्त सामाचार

## जेवर एयरपोर्ट के कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

**नोएडा।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के रामनेर नगर गांव के पास एयरपोर्ट की साइट पर काम करने वाले एक कर्मचारी की बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी सोमवार की रात मौत हो गई। इस मामले में मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। लखीमपुर खीरी जिला निवासी दीपक जेवर में स्थित एयरपोर्ट की साइट पर काम करते थे। बताया जाता है कि रविवार रात को वह साइड से किसी काम के लिए जेवर कस्बे को जा रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने सामने से रामनेर गांव के पास उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि इस घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायल को जेवर के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत गंभीर होती देख अन्य अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा कि मृतक पिछले कई महीनों से जेवर में बना रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की साइट पर काम कर रहे थे। कोतवाली प्रभारी जेवर संजय सिंह का कहना है कि इस बारे में पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर जांच कर मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पेंशनरोकी समस्या का होगा समाधान

**मैनपुरी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष कुमार ने पेंशनर्स दिवस के अवसर पर विकास भवन के सभागार में पेंशनरों की समस्याओं को सुनते हुये कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता पर होगा। उन्होंने पेंशनरों की स्वास्थ्य से सम्बंधित बिन्दुओं पर वार्ता करते हुए कहा कि मेडिकल से सम्बंधित प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी और पेशनर्स को चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्राथमिकता पर नियमानुसार उपलब्ध करायी जाएगी। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने उपस्थित पेंशनर्स, पदाधिकारियों, पेंशनरों, कार्यालयाध्यक्षों का स्वागत, अभिनन्दन किया साथ ही 80 वर्ष से अधिक आयु के उपस्थित 35 पेशनर्स को माला पहनाकर, अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

## महिला ने नदी में कूदकर जान दी

**चकरनगर/इटावा।** चंबल पुल से नदी में कूदकर जान देने वाली महिला के बेटा की तहरीर पर एक ही परिवार के छह लोगों के खिलाफ मारपीट करने से क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप के मुताबिक घर से निकलने के लिए रास्ता न देने के कारण लंबे समय से दोनों परिवारों में विवाद चल रहा था।मात्र सात फीट जगह न लेने में महिला की जान चली गई। सहसों थाना के प्रेमपुरा निवासी राघवेंद्र यादव पुत्र विदेश यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र के माध्यम से आरोप लगाते हुए बताया कि मेरी 50 वर्षीय मां रामकली को रविवार सुबह करीब सात बजे घर के के अंदर कुल लोगों ने घर से बाहर निकलने वाले रास्ते को लेकर पहले गाली-गलौच की और फिर मारपीट कर दी। मामले में एक युवक पर दो दिन पहले फोन से गाली-गलौच करने का भी आरोप लगाया। तहरीर के मुताबिक पुलिस ने थाना के गांव प्रेमपुरा निवासी पूरन सिंह पुत्र श्याम सिंह, अर्पित सिंह पुत्र पूरन सिंह, सुधावती पत्नी श्याम सिंह, प्रीति पत्नी नीरज सिंह, ममता देवी पत्नी पूरन सिंह, नीरज पुत्र श्याम सिंह के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# बुजुर्गों की सेवा ही मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म : विनोद चौधरी



शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज।** वृद्धजनों की सेवा ही मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म एवं कर्म है, बुजुर्गों के पास से संपूर्ण जीवन से जुड़ी नई-नई सीख मिलती है और यह अनुभव युवा पीढ़ी के लिए सबसे मूल्यवान होती है। वृद्धजनों को सहायता और सेवा हमेशा करना हम लोगों का नैतिक दायित्व। अंत में उन्होंने कहा कि वृद्धजनों का सेवा करना हमारे जीवनकाल का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। हर संभव समय- समय पर बुजुर्गों का सेवा करता रहूंगा। उक्त बातें (फरेंदा) के पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष/ग्रीन वैली होटल के प्रोपराइटर विनोद चौधरी ने फरेंदा-बृजमनगंज मार्ग पर स्थित वृद्धाश्रम पर कहीं।

इसके पश्चात उन्होंने उक्त स्थान पर यापन कर रहे वृद्धजनों में 60 जोड़ा गर्म वस्त्र वितरित किए। संस्था के प्रबंधक प्रदीप कटियार ने प्रोपराइटर विनोद चौधरी को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान ग्रीन वैली होटल के मैनेजर संतोष शुक्ला, दिवाकर चौबे व वृध्दाश्रम के वृद्धजन उपस्थित रहें।

# पेंशनर्स संगठनों को आश्वासन लंबित देयको का शीघ्र भुगतान : डीएम

शकुन टाइम्स संवाददाता




**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा पेंशन में आ रही समस्याओं एवं लंबित भुगतानों के संबंध में विस्तार से अपनी-अपनी बातें एवं समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम जनपद के पेंशनरों के प्रति बधाई एवं आभार प्रकट किया गया, तत्पश्चात् उन्होंने 80 से 85 वर्ष की आयु के 15 पेंशनरों को माला पहनाकर एवं साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पेंशनरों की आयी समस्या के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने संगठनो के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि जनपदीय अधिकारियों व प्रशासन की ओर से हर संभव प्रयास कर लंबित देयकों के भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाएगी। अन्त में वरिष्ठ कोषाधिकारी एवं पेंशनर्स दिवस के संयोजक राजकुमार गुप्ता द्वारा लंबित मामलों के निस्तारण में पेंशनरों के प्रति सहयोग व आश्वास्त किया गया। तथा वरिष्ठ कोषाधिकारी ने पेंशनर्स दिवस की समाप्ति की घोषणा की गई। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विभागों के विभगिय अधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष, पेंशनर्स संगठनो के पदाधिकारी एवं सामान्य पेंशनर्स सहित कोषागार के जे0पी0 दूबे, दिलीप श्रीवास्तव, महेंद्र प्रताप सिंह, आशीष कुमार, संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल पीपीगंज के मंडल अध्यक्ष पद के लिए हुआ नामांकन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**पीपीगंज/गोरखपुर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व अभियान के तहत पीपीगंज मंडल अध्यक्ष पद के लिये आज नगर पंचायत पीपीगंज के सभागार में मंडल चुनाव अधिकारी राम उजागिर शुक्ल के देख रेख में व मंडल अध्यक्ष राकेश चौधरी की अध्यक्षता में शांति पूर्वक नामांकन पत्र दाखिल हुआ.जिसमें मंडल उपाध्यक्ष वेद प्रकाश दूबे,

महामंत्री पशुपति नाथ अग्रहरि, अजित सिंह, राधाकृष्ण निषाद, तारकेश चौधरी,परमात्मा चौबे ने अध्यक्ष पद के लिये नामांकन किया. मंडल चुनाव अधिकारी राम उजागिर शुक्ल ने शांति पूर्ण तरीके से नामांकन होने के लिये कार्यक्रम में आये हुए सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया. मंडल अध्यक्ष राकेश चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार ब्यक्त किया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल अग्रहरी, विंद्रासन चौधरी, दिलीप पांडेय, मनोज अग्रहरि, लाल जी विश्वकर्मा, अजय पांडेय, बाबूलाल गुप्ता ,बुधिराम जायसवाल, प्रदीप चौहान, शशिभूषण पासवान, राज त्रिपाठी, जयहिंद सिंह, श्री केश मणि त्रिपाठी, दिनेश यादव, ईश्वर देव यादव,बृजेश चौरसिया, घनश्याम यादव,राम हित निषाद, सुभाष मद्धेशिया,रामजी आदि लोग शामिल रहें।

# अयाना क्षेत्र में विद्युत विभाग ने लगाया कैंप



शकुन टाइम्स संवाददाता

**औरैया (ब्यूरो)।** अयाना थाना क्षेत्र अंतर्गत विधुत विभाग ने कैंप लगाकर लोगो को सत प्रतिशत छूट की स्कीम के बारे में जानकारी दी तथा अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए जागरूक किया।

आज तिवरलालपुर गांव में जेई शिव दत्त ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ कैंप का आयोजन किया जिसमे एक दर्जन से रजिस्ट्रेशन किए गए और करीब दो दर्जन से अधिक विद्युत डिस्कनेक्ट किए गए,जिनका बिल दस हजार रुपए से ऊपर था। सरकार द्वारा चलाई जा रही विद्युत विभाग में छूट जन जन तक पहुंचाने में जेई शिव दत्त ने ग्राम वासीयो को योजना की जानकारी दी।

जेई ने बताया कि पहले आओ और अधिक लाभ पाओ के तहित योजना में व्याज में सत प्रतिशत लाभ उठाये जिससे उपभोक्ता विद्युत डिस्किंक्ट से बच सके।

# पूर्व सैनिक जगन्नाथ सिंह का किया राष्ट्रीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार

## सैनिक समाज सेवा संगठन इकाई फिरोजाबाद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अर्पित की श्रद्धांजलि





शकुन टाइम्स संवाददाता

**फिरोजाबाद।** पूर्व सैनिक जगन्नाथ सिंह का किया राष्ट्रीय सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार सेवा निवृत जगन्नाथ सिंह (90) निवासी पलिया कला जसराना का दिनांक 17 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया था इस दौरान सैनिक समाज सेवा संगठन फिरोजाबाद के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मिलकर राष्ट्रीय ध्वज ब फूल माला पहना कर मृतक फौजी जगन्नाथ सिंह को श्रृद्धांजलि अर्पित कर अन्तिम संस्कार किया इस अन्तिम यात्रा के दौरान ग्रामवासियों रिश्तेदारों और क्षेत्र वासियों की भीड़ देखने को मिली।

और परिवार को रोते बिलखते छोड़ कर इस दुनिया को अलविदा कह गए इस दौरान मौजूद रहे संरक्षक इंजीनियर रामब्रेस यादव, मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कुमार यादव,अध्यक्ष विशेष कुमार यादव, उपाध्यक्ष दलबीर सिंह यादव, प्रमुख महासचिव प्रयाग चन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष ध्रुव जीत सिंह, जसराना तहसील उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव, राम प्रकाश यादव, चरन सिंह यादव, अजेंट सिंह यादव, छोटे लाल यादव और एटा से उमेश चन्द्र यादव मौजूद रहे।

# महंगाई महिला अत्याचार, पेपर लीक के मुद्दों पर कल कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव



शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** महराजगंज के कांग्रेसियों ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि।अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के निर्देश पर एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर उत्तर प्रदेश में हो रहे महिला अपराध, महंगाई, पेपर लीक जैसे मुद्दों पर विधानसभा घेराव करने की रणनीति बनाई गई। महराजगंज में उत्तर प्रदेश सोशल मीडिया प्रदेश संयोजक प्रिन्सू वैश्य ने लोगों से जनसंपर्क कर।

कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया।

इस मौके पर जैनुल आबदीन, साजिद अली, मो नवी, भरत मिश्रा, कृपा शंकर शर्मा, इरशाद आलम, अमन वैश्य, मनीष वैश्य, सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# मासूम से छेड़खानी करने वाला टेलर गिरफ्तार

**इटावा।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक टेलर की इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है, टेलर की दुकान पर चेन लगवाने गई मासूम बच्ची के साथ टेलर ने छेड़खानी कर दी, जिसके बाद माँ की शिकायत के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपी टेलर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेजा है। बता दे कस्बा के जवाहर रोड पर निवासी जावेद टेलर पुत्र शौकत अली जो कि जवाहर रोड पर टेलर की दुकान किये हुए, बीते 13 दिसम्बर को एक मासूम बच्ची उक्त टेलर की दुकान पर चेन लगवाने गई थी, तभी टेलर ने मासूम के साथ छेड़खानी कर दी, मासूम बच्ची की मां ने स्थानीय थाना पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की माँ की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट व छेड़खानी की कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# डीएम ने एनएचएआई के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर लिया जायजा

## डीएम ने महाकुंभ से पहले निर्माण कार्यों को पूरा करने के दिये निर्देश



शकुन टाइम्स संवाददाता

**रायबरेली।** महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक, डॉ यशवीर सिंह के साथ एनएचएआई के निर्माणाधीन कार्यों का मुंशीगंज, दरियापुर, कुचरिया, जगतपुर बाईपास आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये कि समस्त निर्माणाधीन कार्यों को महाकुंभ से पहले पूर्ण करा लिया जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हों तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण के दौरान सुरक्षा के सभी मानकों का पालन कराया जाए, जिससे किसी प्रकार की कोई दुर्घटना होने की सम्भावना न रहें। जिसके लिए परियोजना निदेशक, एनएचएआई द्वारा आश्वासन दिया गया कि महाकुंभ के आयोजन से पूर्व समस्त कार्यो को पूर्ण करा लिया जायेगा। इस मौके पर ए0डी0एम0 (न्यायिक) विशाल यादव, परियोजना निदेशक, एनएचएआई नवरतन दीप सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सर पर चोट के कारण अधेड़ को जिला रेफर किया गया

**महराजगंज/रायबरेली।** घायल अवस्था में अधेड़ को लाया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल किया गया रेफर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार धीरेंद्र त्रिपाठी पुत्र राम शंकर उम्र लगभग 46 वर्ष निवासी पोखरनी महराजगंज को 108 एम्बुलेंस द्वारा पाली के पास से घायल अवस्था में लाया गया । डॉक्टरों ने बताया कि घायल के सर पर चोट के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# बाबा मौनी दास ने धर्म की अलख जागई और लोगों को सत्कर्मो से जोड़ा प्रभात साहू

## बाबा के स्थान पर विशाल भंडारा मेला सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** महराजगंज कस्बे के सुखई का पुरवा बाबा मौनी दास आश्रम पर रामचरितमानस हवन पूजन भंडारा मेला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।

चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बाबा मौनी दास आश्राम पहुंच कर जहां अपने हाथों से आए हुए श्रद्धालुओं का भंडारे का प्रसाद खिलाया तो वहीं उन्होंने कहा कि यह हमारे कस्बे का पौराणिक स्थान है तथा बाबा ने हमेशा धर्म की अलख जागई और लोगों को सत्कर्मों से जोड़ा। वही बाबा मौनी दास आश्रम के महंत धर्मदास द्वारा बताया गया कि आश्रम में मेला भंडारा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर बाबा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर हजारों लोग मौजूद रहे।

### नेग मांगने के बहाने झाँसा देकर कान की बाली लेकर चले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी।** सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चोलापुर पुलिस टीम द्वारा धारा 318(4)/316(2)/317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र बब्बू निवासी ग्राम- अमउत थाना - फूलपुर को रौनाकला बारी के पास से 1 मो.सा. व 2 कान की बाली के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर अभियुक्त सोनू ने बताया कि मैं व मेरे दोस्त हैदर व शमशेर हमलोग एक साथ मिलकर गांव मे घूम फिर कर जिसके घर शादी या कोई उल्लास होता है तो नेग माँगते है जब कोई व्यक्ति सोना व चाँदी नेग में नहीं देता है तो हमलोग झाँसा देकर माल को प्राप्त करते है तथा प्राप्त माल मे से बराबर-2 आपस में बाँट लेते है। दिनांक 16/12/2024 को ग्राम रौना कला मे एक महिला के घर जाकर उसे झांसा देकर कान की बाली पुनः वापस करने की बात बताकर ले लिए तथा मो0सा0 स्टार्ट किये और चले गये।आज उक्त माल को बेचने के फिराक में जा रहा था।

# मछलीशहर विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने पेयजल मुद्दे पर उठाए सवाल

## प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद में अमृत पिलाने से क्या फायदा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** मछलीशहर की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान पेयजल संकट के मुद्दे पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से सवाल करते हुए उन्होंने कहा कि जनता को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है और सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार जनता को पर्याप्त हैंडपंप और पेयजल उपलब्ध कराने की क्या योजना बना रही है। डॉ. रागिनी सोनकर ने सरकार के इस स्कीम पर सिर्फ 3.50 लाख करोड़ रुपये के बजट पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि जितना बड़ा बजट है, उतना ही बड़ा भ्रष्टाचार भी है। उन्होंने कहा कि मंत्री अधिकारी की नहीं सुनते और अधिकारी की कॉन्ट्रेक्टर नहीं सुनते। इसके चलते योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। उन्होंने पेयजल की समस्या का समाधान न होने पर सरकार की कार्यशैली पर तीखा प्रहार किया। विधायक ने कहा,कभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं, बाद में अमृत पिलाने से क्या फायदा। उनके इस बयान ने सरकार की पेयजल योजनाओं पर सवाल खड़े कर दिए। डॉ. रागिनी सोनकर ने अपने क्षेत्र में हैंडपंपों की कमी के साथ-साथ पूरे प्रदेश के जल संकट का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जल जीवन मिशन और अन्य पेयजल योजनाओं के कार्यान्वयन पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कितने गांव में कार्य संपूर्ण हो चुके हैं कितने लोगों को शुद्ध पेय जल सरकार पहुंचा रही है अगर नहीं तो उसकी समय सीमा क्या है और कब तक पहुंच पाएगी।



2019 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी थी तो उन्होंने लाल किले से खड़े होकर पूरे देश से वादा किया था कि दिसंबर 2024 तक पूरे देश को जल जीवन मिशन से जोड़ दिया जाएगा। आज उत्तर प्रदेश विधानसभा की असेंबली में दिसंबर 2024 में मैंने प्रश्न खड़ा किया और उसका उत्तर विभाग के पास नहीं है और यह अपने आप में प्रत्यक्ष रूप से सरकार की सिर्फ जुमलेबाजी और झूठे वादे को दिखाता है। जिस समय मैं सदन में आई उसे समय पूरे उत्तर प्रदेश का बजट 615000 करोड़ था और मात्र एक स्कीम का बजट 3,50,000 करोड़ का है। इसके बावजूद आज धरातल पर एक प्रतिशत भी काम नहीं हो पाया है यह बहुत शर्मनाक है। साथ ही सरकार की संवेदनहीनता को भी जताता है। मैं सरकार से मांग करतीं हूं कि जल संकट का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। विधायक के सवालों और आरोपों के जवाब में मंत्री के बयान ने यह स्पष्ट किया कि सरकार योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर सतर्क है। हालांकि, डॉ. रागिनी सोनकर ने कहा कि जनता को केवल वादों की नहीं, बल्कि वास्तविक समाधान की जरूरत है।

### जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण दिया आवाश्यक दिशा निर्देश

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा विकासखण्ड बदलापुर के ग्राम पंचायत देनुआ के पंचायत भवन में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसीलदार, लेखपाल, पंचायत सहायक सहित संबंधित समस्त को निर्देशित किया कि उक्त ग्राम के समस्त किसानों का फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कर दिया जाये। उन्होने निर्देश दिया कि किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री के संबंध जागरूक करें। तहसीलदार बदलापुर को निर्देश दिया गया कि उक्त ग्राम पंचायत में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराएं। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्होंने 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए तथा पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड ऑनलाइन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कल भी कैंप लगाकर किसानों का ई केवाईसी कराया जाए तथा फार्मर रजिस्ट्री की जाए। इस अवसर पर तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रायोगिक मौखिकी परीक्षा में परीक्षक बनाने को लेकर भेदभाव

## शिक्षको ने कुलपति परीक्षा नियंत्रक को दिया ज्ञापन

- **मांगे ना माने जाने पर मूल्यांकन के बहिष्कार की धमकी**

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक एशोसियेशन के शिक्षक नेताओं ने कुलपति व परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन दिया। प्रैक्टिकल एवं मौखिक परीक्षाओं में भेदभाव का आरोप लगाया। मांगे ना माने जाने पर मूल्यांकन की बहिष्कार की धमकी दिए। बता दें कि उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक एशोसियेशन के अध्यक्ष डा. प्रभाकर सिंह ,महामंत्री डॉ निलेश कुमार सिंह नीलू, पदाधिकारियो के साथ पूर्वांचल विश्वविद्यालय में परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह से मिले और कहां की सेमेस्टर परीक्षा 2024- 25 की प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षा में अनुदानित महाविद्यालय के शिक्षकों का नियुक्त किया गया है जो कभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने नहीं आते हैं और अधिकांश सेवानिवृत हो गए हैं। इसके बावजूद केवल प्रायोगिक मौखिक परीक्षक के रूप में क्यों नामित किए जाते हैं जो गलत है उन्होंने कहा कि अधिसंख्य स्ववित्तपोषित शिक्षक लोग मूल्यांकन भी करते हैं। इसके बावजूद उन्हें मौखिकी प्रायोगिक परीक्षा के रूप में नामित नहीं किया जाता है।





इस तरह का भेदभाव शिक्षकों में आक्रोश पैदा करता है। यह विसंगति को दूर करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रैक्टिकल मौखिक परीक्षा में परीक्षक नामित को लेकर मनमानी किया जा रहा है।

अगर स्ववितपोषित शिक्षकों को प्रायोगिक मोखकी परीक्षा में नामित नहीं किया गया तो इसके विरोध में शिक्षक संघ शिक्षकों के साथ मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करेगा। शिक्षकों ने कुलपति को इस संबंध में ज्ञापन देकर प्रायोगिक मौखिक परीक्षा में स्ववितपोषित शिक्षकों को परीक्षक नामित करने की मांग की है। इसके साथ 4 जनवरी 2025 से लेकर 10 जनवरी 2025 तक की शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है ।

उन्होंने मांग की की रविवार को भी विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं संचालित की जा रही है । ऐसे में यदि शीतकालीन अवकाश 4 जनवरी से लेकर 16 जनवरी तक किया जाना चाहिए ,जो उचित होगा। इस अवसर पर डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ.अरविंद कुमार यादव, डॉ संजीव कुमार सिंह, डॉ संजय कुमार यादव, डॉ आशा सिंह ,डॉ किरण मौर्य, डॉ सलीम खान मौजूद रहे।

# स्वर्गीय रुक्मणी देवी के बरसी अवसर पर लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का कैंप

शकुन टाइम्स संवाददाता

**मिर्जापुर/नरायनपुर।** मिर्जापुर जिले के थाना अदलहाट अंतर्गत श्री बालकरण शिक्षण संस्थान विकास नगर बरीजीवनपुर में पूर्व प्रधान मनोज मौर्य के माता जी की छठी बरसी के अवसर पर निशुल्क कैंप लगाया गया जिसमें सभी विभाग के डॉक्टर उपस्थित रहे। पहले सभी का नामांकन एवं पर्ची बनाया गया फिर जिसको जो परेशानी थी उसे विभाग के डॉक्टर द्वारा देखने के बाद निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। लोगों में उत्साह को देखा गया काफी भीड़ उपस्थित रही। दवा वितरण के बाद गरीबों में कंबल वितरण के साथ-साथ लंच पैकेट भी दिया गया। इस अवसर पर डॉक्टर ओमप्रकाश मौर्य, डॉ विनोद मौर्य,



डॉक्टर चंद्रशेखर मौर्य, मनोज मौर्य भूतपूर्व प्रधान, डॉ रंजीत मौर्य, डॉ अनुपमा मौर्य, डॉक्टर विकास मौर्य, डॉक्टर अंकित चौबे सहित तमाम समाजसेवी भी उपस्थित रहे। स्वागत में राम प्रकाश मौर्य, रवि मौर्य, अवधेश मौर्य, नन्हू मौर्य जवाहर मौर्य, राजेश मौर्य, चंद्रिका प्रसाद मौर्य, रामसेवक सैनी, शिव मूरत मौर्य, अमृतलाल मौर्य, मिथिलेश कुमार मौर्य, राम प्रकाश मौर्य इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### पास्को एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी।** थाना भेलूपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर धारा- 75 बी0एन0एस0 व 7/8 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त अनिरुद्ध कुमार पनाडिया पुत्र जगलाल प्रसाद पनाडिया निवासी वार्ड नं0 9784/01 मेढौली थाना मोरवा जनपद सिगरौली मध्यप्रदेश को छोटी पटिया मैदान के पास थाना भेलूपुर से हिरासत में लेकर आवश्यक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार शक्ला थाना भेलूपुर,उ0नि0 विकल शाण्डिल्य,प्र0उ0नि0 संदीप सिंह टीम रही।

### मंदिरों में की गई चोरी में संलिप्त अभियुक्त गिरफ्तार

**वाराणसी।** थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कुंआर बाजार स्थित प्राचीन काली माता मन्दिर से अज्ञात चोरों द्वारा माता का मुकुट,मुखौटा,नथूनी व अन्य आभूषण चुरा लिया गया था। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना फूलपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर सुरागरसी पतारसी व इलेक्ट्रानिक/भौतिक साक्ष्य संकलित करते हुए घटना में सलिप्त प्रकाश में आये अभियुक्त रमेश सेठ पुत्र स्व0 जगरदेव,नि0 बरही नेवादा,थाना फूलपुर को गिरफ्तार कर मन्दिरों से चोरी किए गये आभूषण गलाकर बनायें गए 4 बार जिसकी वजन 1216 ग्राम व घटना में प्रयुक्त मो0सा0 वाहन स्पेलेन्डर प्लस बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस उ0नि0 आयुष कुमार चौकी प्रभारी कठिराँव,उ0नि0 जितेन्द्र यादव,का0 अक्षय यादव,,का0 राकेश सरोज टीम रही।

### संभल के बाद काशी में मिला बंद मंदिर,हिंदू महिलाओं ने शंखनाद किया, मुस्लिम सड़क पर उतरे

**वाराणसी।** संभल के बाद काशी के मुस्लिम बहुल इलाके में मंदिर बंद मिला है। हिंदू संगठन सनातन रक्षक दल ने दावा किया कि मंदिर 250 साल पुराना है। 40 साल से मंदिर पर ताला लगा है। इससे पहले, यहां पूजा होती थी।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

# बंजर भूमि व तालाब के जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**केराकत/जौनपुर।** एक तरफ जिला प्रशासन के द्वारा अवैध अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया गया। लेकिन उसके बाद भी बाद गांव में लोगों के द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। जिसको लेकर पीड़ित 5 साल से उच्च अधिकारियो के यहाँ चक्कर लगा रहे है। लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। ज़ब डीएम को एप्लीकेशन देता हूं तो डीएम एसडीएम को फॉरवर्ड कर देते हैं। वहाँ पर जाने के बाद लेखपाल व तहसीलदार के द्वारा गलत रिपोर्ट लगाकर भेज दिया जाता है। केराकत थाना के पूरनपुर (भौरा) के चरनाडीह गांव का है। गांव के प्रदीप सिंह ने कहा कि गांव के कुछ लोगों



के द्वारा बंजर भूमि व तालाब की जमीन पर कब्जा कर रखा है। जिसको लेकर कई बार ग्रामीणों ने डीएम से शिकायत की। जिसको लेकर डीएम ने केराकत एसडीएम को मामले की जांच करने का आदेश दिया। वही एसडीएम ने लेखपाल को जांच करने को कहा। लेकिन लेखपाल के द्वारा आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। तालाब व बंजर भूमि पर कब्जा कर मकान बना लिया है। मकान बन जाने की वजह से लोगों के नालियों का पानी घरों के बाहर इकट्ठा हो जाता है जिसकी वजह से आसपास के रहने वाले ग्रामीणों को बीमारी का डर लगा रहता है।

इस दौरान विनोद सिंह, प्रदीप बंसत सिंह,विनय दक्षित, राज नारायण सिंह, उदयभान सिंह, पंचदेव सिंह, संजय सिंह, सिंटू दीक्षित, संतोष वर्मा मौजूद रहे।

# पहला सेमीफाइनल मैच में परिचालन विभाग ने विद्युत टी आर डी को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में मंडल के मिनी स्टेडियम में चल रही अंतर विभागीय ञ्ञ-20 प्रतियोगिता में आज दिनांक 17 दिसम्बर 2024 को पहला सेमीफाइनल मैच परिचालन विभाग और विद्युत टीआरडी विभाग के बीच खेला गया।

परिचालन विभाग ने टॉस जीतकर विद्युत टी.आर.डी विभाग की टीम को बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया। विद्युत टीआरडी की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए । विद्युत टी.आर.डी की तरफ से वरुण कुमार राय ने शानदार बैटिंग करते हुए 32 बॉल पर चार चौके और चार छक्कों की मदद से 54 रन बनाए, आनंद कुमार प्रजापति ने 23 बाल पर पर 17 रन और अमन वर्मा ने 22 बॉल पर ।12 रन बनाए ।परिचालन विभाग की तरफ से मनीष कुमार ने चार ओवर में 14 रन लेकर चार विकेट, आशीष सिंह ने चार ओवर में 14 दिन के दो विकेट लिए तथा विमलेश और गोविंदा को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ ।133 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए परिचालन विभाग की टीम ने 15.5 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 133 रन बनाकर चार विकेट से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश कर लिया ।परिचालन विभाग की तरफ से मनीष कुमार ने 17 बॉल पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन, गजानन ने 24 बॉल पर चार चौके और दो छक्के की मदद से 34 रन बनाए इसके अतिरिक्त आशीष सिंह ने 22 रन, अनुराग फिलिप्स ने 13 रन और अरविंद कुमार ने 14 रनों का योगदान दिया। विद्युत टीआरडीकी तरफ से मिथुन कुमार में चार ओवर में 27 रन देखकर तीन विकेट लिए सुरेन्द्र, वरुण राय और अनिल मिश्रा को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ। चार विकेट लेने और 30 रन बनाकर अपनी टीम को फाइनल में पहचाने में अहम भूमिका निभाने वाले परिचालन विभाग के मनीष कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बनारस के वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी राजेश सिंह के द्वारा दिया गया ।कल इस प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच आरपीएक और कार्मिक विभाग के बीच खेला जाएगा ।

# प्रधानाचार्य परिषद की बैठक में हुई विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** मंगलवार को राजा श्री कृष्ण दत्त इंटर कॉलेज जौनपुर के सभागार में प्रधानाचार्य परिषद की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद जौनपुर के विभिन्न विद्यालयों से प्रधानाचार्य तथा प्रधानाचार्य परिषद के सम्मानित सदस्य और पदाधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य परिषद् जौनपुर के अध्यक्ष डॉ. संजय चौबे ने सभी सम्मानित प्रधानाचार्य और पदाधिकारीयों का स्वागत से किया। आए हुए समस्त प्रधानाचार्य का उन्होंने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रधानाचार्य परिषद के महामंत्री और ओजस्वी वक्ता रविंद्र नाथ शर्मा ने प्रधानाचार्य की समस्याओं तथा विभिन्न मांगों से सभी को अवगत कराया जिसमें प्रधानाचार्यो की सुरक्षा धारा 21 की बहाली, धारा 18 की बहाली, चिकित्सा व्यवस्था





,प्रधानाचार्य को पुनरक्षित वेतन ,एनपीएस की सुरक्षा ट्रांसफर सरलीकरण तथा अन्य मांगों के बारे में सभी को अवगत कराया।

श्री शर्मा ने संगठन के कार्य प्रणाली और तीव्र करने तथा प्रधानाचार्य के विद्यालय संबंधी समस्याओं पर भी चर्चा की। विचार विमर्श के क्रम में आदर्श इंटर कॉलेज खेतासराय की प्रधानाचार्या श्रीमती राधा श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किया तथा अपनी समस्याओं के बारे में सभी को अवगत कराया। श्री नारायण सिंन्हा इंटर कॉलेज सराय हरखू के प्रधानाचार्य श्री देवेंद्र नाथ पांडे ने भी अपने विचारों से सभी को अवगत कराया। बैठक में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए हुए प्रधानाचार्यो ने भाग लिया जिसमें श्री शिवाधार, डॉक्टर कंचन जैस्मिन, श्री नीरज कुमार यादव, श्री संदीप कुमार मिश्रा, उपेंद्रनाथ शुक्ला, श्री शिवभूषण चौबे, दिनेश चंद्र यादव, दिनेश कुमार, विपिन कुमार, श्री संजय कुमार तथा अन्य विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यो ने बैठक में प्रतिभाग किया।

सभा के समापन में राजा श्री कृष्णा इंटर कॉलेज जौनपुर के प्रधानाचार्य तथा प्रधानाचार्य परिषद जौनपुर के अध्यक्ष डॉ संजय चौबे ने आए हुए समस्त प्रधानाचार्यो का आभार जताया और यह भरोसा दिलाया कि मैं अध्यक्ष के रूप में इस संगठन के लिए पूरी तरीके से समर्पित रहूंगा तथा जनपद के किसी भी प्रधानाचार्य की समस्याओं को अपनी समस्या समझूंगा और हमेशा सहयोग करता रहूंगा। सभा का संचालन श्री रविंद्र नाथ शर्मा ने किया।

# कांग्रेस नेता हाउस अरेस्ट, फोर्स लगाई,लखनऊ में 18 दिसंबर को प्रदर्शन में शामिल होने से रोका

शकुन टाइम्स संवाददाता

**वाराणसी।** लखनऊ में 18 दिसंबर को कांग्रेस के विधानसभा घेराव और प्रदर्शन से पहले प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं की निगरानी शुरू कर दी है। वाराणसी पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल व सरिता पटेल को मंडुवाडीह पुलिस ने होम अरेस्ट कर लिया।

शांतिभंग की आशंका के चलते उन्हें कांग्रेस के धरने में शामिल होने से रोका। वहीं, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे के घर पहुंची जैतपुरा पुलिस से नोकझोंक भी हो गई। हालांकि पुलिस उनके आवास से लौटकर कांग्रेस कार्यालय पर पहुंच गई। उधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने वाराणसी, गाजीपुर, मिर्जापुर समेत सभी जिलों में कांग्रेस नेताओं को हाउस अरेस्ट कर प्रदर्शन को नाकाम करने की साजिश का आरोप प्रशासन और पुलिस पर लगाया है। कहा कि आह्वान से घबराकर नेताओं व कार्यकर्ताओं को नजरबंद किया जा रहा है। सोमवार शाम विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कांग्रेस नेताओं के आवास पर पहुंचकर विधानसभा घेराव आंदोलन में उनकी भूमिका की जानकारी ली। पुलिस ने कांग्रेस नेताओं के लखनऊ जाकर विधानसभा के घेराव को गैरकानूनी बताया और ऐसे आंदोलन से कानून व्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका जताई। दरोगा, थानेदार से लेकर एसीपी स्तर के अफ़सर कांग्रेस नेताओं के आवा और कार्यालय पर नजर आए। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने बताया कि भाजपा के कुशासन के खिलाफ जनता के सवालों का जवाब और कामों का हिसाब लेने के लिए 18 दिसंबर को लखनऊ विधानसभा घेराव का कार्यक्रम तय है। इससे 36 घंटे पहले ही पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को नजरबंद करना शुरू कर दिया है। उन्होंने दावा किया प्रशासन के रोके हम नहीं रुकेंगे। वाराणसी जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी, फ्रंटल संगठनों, वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं, प्रदेश पदाधिकारियों समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन लखनऊ विधानसभा घेराव करेंगे। बताया कि पुलिस बल कांग्रेस कार्यालय पर तैनात है और जहां-जहां आंदोलन की बैठक या रणनीति का संदेह है।

# बिना परमिशन अवैध कट खोलने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालक पर विधिक धाराओं का उल्लंघन करने पर एनएच दर्ज कराए एफआईआर

शकुन टाइम्स संवाददाता

**भदोही।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 तेजवीर सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी शिवनारायण सिंह ने जनपद की असुरक्षित सड़कों को ठीक या सुधार करने हेतु एक्श ई एन पीडब्ल्यूडी को जैनु राम को निर्देशित किया। बैठक में बढ़ते ठंड से कोहरा में सुरक्षित यात्रा व जाम से निजात पाने के दृष्टिगत जोरई मार्ग ,डीएम आवास से मोढ तक, ज्ञानपुर त्रिमुहानी से नेशनल तिराहा, इंदिरा मिल से लिप्पन तिराहा, नेशनल से फूलन देवी त्रिराहा आदि सड़कों के चौड़ीकरण के लिए प्रस्ताव बनाकर क्रियान्वित करने हेतु डीएम ने एक्श ईएन पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया। अपर जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को अवैध कट तत्काल बंद करने का निर्देश दिया, साथ ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी को निर्देशित किया कि बिना परमिशन अवैध कट खोलने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालक पर विधिक धाराओं का उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज कराते हुए विधिक कार्रवाई करें।



अपर जिलाधिकारी ने एनएच लुंबिनी मार्ग पर उगापुर मार्केट में कच्चा छोड़ दिया गया है ,जिसको डिवाइडर बनाए जाने हेतु निर्देशित किया। बताया कि न ही वहां वृक्षारोपण करवाया गया है जिससे लोग सड़कों पर कूड़ा करकट डाल देते हैं। इंदिरा मिल फ्लाईओवर का मेंटेनेंस करने हेतु संबंधित मंडलीय अधिकारी को उन्होने निर्देशित किया गया। इंदिरा मिल से धौरहरा पुल तक नाली से सड़क तक इड टू इंड काम पूरा नहीं किया गया है ,नाला जगह जगह छोड़ दिया गया है जिसको ठीक करने का निर्देश दिया। अपर जिलाधिकारी ने अपील किया कि शराब पीकर गाड़ी ना चलाएं। जागरूकता हेतु एडीएम ने जनपद की समस्त शराब की दुकानों पर जागरूकता पोस्टर लगाने हेतु जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया। अपर जिलाधिकारी ने जनपद की सीमा ऊंज से महाराजगंज हाईवे पर रात में ट्रकों को बिल्कुल न खड़े होने देने के लिए पुलिस ,एन एच ,ए आरटीओ को अपनी टीम द्वारा लगातार पेट्रोलिंग करने का निर्देश दिया। आगामी कुंभ के दौरान एक्सीडेंट ना होने देने के लिए एन एच को प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। विगत दिनों जनपद के मा.जनप्रतिनिधियों द्वारा टोल की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर अपर जिलाधिकारी ने टोल प्रभारी को निर्देशित किया कि वे माननीय जनप्रतिनिधियों व सभी के साथ टोलकर्मियों द्वारा शिष्टाचार व्यवहार कराना सुरक्षित करें। नियमानुसार गाड़ियों से ही टोल कलेक्ट करें।

जो व्यक्ति या वाहन एक्सेम्प्टेड श्रेणी में हो उनसे टोल ना लें। एनएच टोल पर आर डब्लू ओ के अंदर गाड़ी कदापि न खड़ी रहे। कलेक्ट्रेट परिक्षेत्र में स्पीड लिमिट 20 किलोमीटर अधिकतम का साइन बोर्ड लगाने का निर्देश एडीएम ने दिया। एआरटीओ ऑफिस या ऑफीसर्स कॉलोनी के पास दुर्घटना से बचाव हेतु रंबल स्ट्रिप लगाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, एआरटीओ राम सिंह, अपर सीएमओ, सीडब्लूसी अध्यक्ष पीसी उपाध्याय, ट्रैफिक अजय कुमार चौहान, स्कूल प्रबन्धक आदि संबंधित उपस्थित रहे।

## एनडीआरएफ की टीम ने बच्चों को बताया बचाव के उपाय




शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां/चंदौली।** पूरा बलुआ स्थित बाबा फलाहारी इंटर कालेज में मंगलवार को 11 वाहिनीं एनडीआरएफ चौका घाट वाराणसी उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार वर्मा के निर्देशन में टीम 11 प्रथम कमांडर निरीक्षक पंकज कुमार के द्वारा स्कूल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के 700 छात्र छात्राओं प्रतिभाग किया। जिसमें बच्चो को जल में डूबने से बचने के उपाय,इम्प्रोवाइज्ड राफ्ट बनाने के तरीके ,प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने के तरीके,सी पी आर देने की तकनीक साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान तक ले जाने,इम्प्रोवाइज्ड तरीके से स्ट्रेक्चर बनाने की विधि,भूकम्प से निपटने सुरक्षा उपायों के बारे में प्रशिक्षण के बारे में बताया गया। इस दौरान कमांडर पंकज कुमार ने बताया कि बच्चो को आपदा में बचाने के लिए तरीको के बताना चाहिए ताकि वो इसका उपयोग किसी भी परिस्थिति में कर सके। इस दौरान प्रधानाचार्य राजेश कुशवाहा,अमित वर्मा,अनिल यादव,वीरेंद्र यादव,आनन्द मौर्य,जय प्रकाश पाण्डेय,उषा मौर्य,सुनीता कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त सामाचार

### 92 युवाओं को मिला रोजगार

**गाजीपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से आकांक्षात्मक विकास खंड बिरनों के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कई कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इसमें कल्पतरू इंडस्ट्रीज, क्वैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, विजन इंडिया प्रा.लि., खेतिहर आर्गेनिक, पीएनबी मेटलाइफ एवं बालकरू इंटर नेशनल प्रा.लि. के अधिकारियों ने युवाओं से पूछताछ करते हुए चयन किया। इसमें प्लम्बर, इलेक्ट्रिशियन, कन्शट्रक्शन वर्कर, ट्रेनी, मैकेनिक, नेप्स ट्रेनी, आपरेटर, सेल्स मैन, डिलिवरी ब्वॉय के 92 युवाओं को रोजगार मिला। जबकि 250 युवाओं ने प्रतिभाग किया।

### व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने मोहम्मद अयूब

**गाजीपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सेवा दल के प्रदेश संगठन मंत्री हरेंद्र यादव की मौजूदगी में मंगलवार को उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी घोषित की गयी। जिसमें उद्योग व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद अयूब चुने गये।

वहीं उपाध्यक्ष सिकंदर खान, धनन्जय कुमार सिंह, महासचिव राजेश कुमार यादव, महासचिव जमाल अहमद खान, कोषाध्यक्ष मोहम्मद सुफियान अंसारी, सचिव अनिता कुशवाहा, निशा कुशवाहा, अखिलेश यादव, अजलाल अब्बासी, शाहनवाज अंसारी, सद्दाम हुसैन को सर्वसहमति से चुना गया। पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने जो भी जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी ईमानदारी के साथ ही निभायी जाएगी। व्यापारियों के हित में लड़ाई में लड़ाई जाएगी।

### डीएलएड परीक्षा में 121 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**गाजीपुर।** जनपद के राजकीय सिटी इंटर कालेज और राजकीय बालिका इंटर कालेज में मंगलवार को डीएलएड की परीक्षा करायी गयी। इसमें 660 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 539 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 121 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा बालकृष्ण यति इंटर कॉलेज वृंदावन जखनियां में करायी गयी थी। जहां मूल्यांकन के दौरान सामूहिक नकल का अंदेशा होने पर परीक्षा निरस्त करा दिया गया था। इस परीक्षा में शामिल होने वाले करीब 50 से 60 परीक्षार्थियों ने समय से पूर्व ही गेट बंद कर लिए जाने के चलते परीक्षा छूटने का आरोप परीक्षा कराने वाले व्यवस्थापकों पर लगाया। उसके बाद जम कर हंगामा किया। बीते माह अगस्त में बालकृष्ण यति इंटर कॉलेज वृंदावन में डीएलएड के प्रथम सेमेस्टर गणित की परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा होने के बाद सामूहिक नकल होने की अंदेशा होने पर परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज ने निरस्त कर दिया था। जिसके बाद यह परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंगलवार को राजकीय सिटी इंटर कालेज और राजकीय बालिका इंटर कालेज में करायी गयी। राजकीय सिटी इंटर कालेज पर 360 पंजीकृत थे, जिसमें 286 उपस्थित रहे। वहीं राजकीय बालिका इंटर कालेज में 300 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 253 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 10ः00 बजे से 11ः00 बजे तक करायी गयी। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करायी गयी थी। परीक्षार्थियों को सुबह 9ः40 बजे तक ही सघन तलाशी लेने के बाद ही प्रवेश दिया गया। इसके बाद परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया।

### महाभियोग के खिलाफ अधिवक्ताओं का निंदा प्रस्ताव पास

**गाजीपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के सदस्यों ने सोमवार की देर शाम बैठक कर प्रयागराज उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव के विरुद्ध सांसदों की ओर से लाए गए महाभियोग प्रस्ताव पर चर्चा की। बार अध्यक्ष आलोक कुमार राय ने कहा कि न्यायमूर्ति ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में जो भाषण दिया वो संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप तथा संविधान में निहित अभिव्यक्ति की आजादी के तहत था। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों के सांसदों ने मुस्लिम समाज का मत पाने की लालच में इस तरह का निंदनीय महाभियोग प्रस्ताव पेश किया है। इसका पूरा अधिवक्ता समाज कड़े शब्दों में निंदा करता है। अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मत से निंदा प्रस्ताव पास किया।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुद्दो में दे अपना योगदान और करें
आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपकों अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

## पेंशनर्स दिवस का हुआ आयोजन




शकुन टाइम्स संवाददाता

**गाजीपुर।** जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को पेंशनर्स दिवस का आयोजन अपर जिला अधिकारी वि/रा दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्र से पहुंचे पेंशन भोगियों ने अपनी समस्याएं उपस्थित अधिकारियों के समक्ष रखी। इस मौके पर मुख्य अतिथि अपर जिला अधिकारी दिनेश कुमार ने कहा कि पेंशनरों की समस्या को समय से निस्तारण किया जाना अत्यंत आवश्यक है एवं जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के लिए बुजुर्ग पेंशनरों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए डिजिटल माध्यम से जमा किया जाना भी आवश्यक है। इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपाध्याय ने पेंशनरों के समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। मुक्तेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने मेडिकल भी और पुनरीक्षित पेंशन के प्रकरण को अधिकारियों के समक्ष रखा। इस मौके पर वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा, कोषागार के कर्मचारी विवेक गुप्ता, संजीव कुमार, दुर्गेश बहादुर, विनोद कुमार, मोहम्मद फहीम अहमद, राहुल एवं कर्मचारी नेता अंबिका दुबे आदि उपस्थित रहे।

# मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी हुएं सम्मानित

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा/चंदौली।** क्षेत्र के रैपुरा गांव स्थित कम्पोजिट विद्यालय में मंगलवार को मण्डलीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजई खिलाड़ियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। बीते 13 -14 दिसम्बर को जौनपुर में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में जहाँ जौनपुर ओभर आल चैम्पियन रहा, वहीं चन्दौली को दूसरा स्थान मिला। जिसमें कम्पोजिट विद्यालय रैपुरा के खिलाड़ियों ने भी अहम योगदान दिया।



इस विद्यालय की ऑचल मौर्य प्राथमिक बालिका वर्ग की चार सौ मीटर दौड़ में प्रथम, दो सौ मीटर दौड़ में द्वितीय और लंबी कूद में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग के जूडो में 20 + भार वर्ग में बालक वर्ग में अमन चौरसिया प्रथम बालिका वर्ग में पल्लवी राय द्वितीय 25-30 भार वर्ग में बालिका में अंकिता चन्दौली 30-35 भार वर्ग में बालक वर्ग रतन पाल द्वितीय बालिका वर्ग में गरिमा प्रथम 35-40 बालिका वर्ग में अलका चन्दौली द्वितीय 40 - 45 बालिका वर्ग में बालिका वर्ग में सिम्पल द्वितीय 45 + शशिकान्त द्वितीय रहे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ. देवेन्द्र प्रताप यादव ने कहा कि हर बच्चे में अपार सम्भावनाएं हैं सिर्फ उन्हें अवसर प्रदान कर निखारने की जरूरत है।

जब खेलेगा इण्डिया तो खिलेगा इण्डिया। इस अवसर पर दिग्विजय नारायण सिंह हरिओम तिवारी संजय, अपरवल, अशोक यादव, मंजू देवी उपस्थित रही।

# युवक की नहर में मिली लाश,हत्या की आशंका

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां/चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के महगांव बार्डर के पास बंशीपुर नहर के बगल में खेत मे 35 वर्सीय युवक मुन्ना यादव की हत्या कर फेंका मिला। पास में दारू की शीशी ,चीखना,मोबाइल, दो पहिया वाहन व हत्या में प्रयुक्त चाकू मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मौके पर फोरेंसिक की टीम भी पहुच गयी। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। बंशीपुर स्थित अमिलाई नहर के पास महगांव बार्डर पर खेत मे धानापुर थाना क्षेत्र के देवरापुर के युवक मुन्ना यादव का शव मिला है। उसका गला रेता हुआ था। शव के पास पुलिया के नीचे नहर में दारू की शीशी,चीखना,मोबाइल व पुल पर दो पहिया वाहन,चाकू मिला है। सुबह टहलने के लिए निकले ग्रामीणों ने बलुआ पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों को सूचना दिया। पिता शोभनाथ यादव ने बताया कि मुन्ना मेरे साथ खेतीबारी में हांथ बंटाता था। पांच दिन पूर्व चहनियां स्थित एक हॉस्पिटल में मुन्ना की पत्नी पूजा ने पुत्री को जन्म दिया। जो प्रतिदिन भोजन लेने घर जाता था। सोमवार की शाम को वह सकलडीहा पैसे लेने के लिए गये थे । इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर डॉ.आशीष मिश्रा का कहना है कि युवक की हत्या कर फेंके है। ऐसा लग रहा है कि ये साथ मे बैठकर खाये पिये है। किसी बात को लेकर तू तू मैं मैं हुई होगी। जो बेरहमी से गला रेतकर व पेट मे कई जगह चाकू मारे है हालांकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। युवक की मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। पिता शोभनाथ,माता छबि देवी,बड़ा भाई बबलू व बहनों का रोकर बुरा हाल है।



## राधा कृष्ण इंटर कॉलेज में प्रशासन द्वारा छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चन्दौली/सकलडीहा।** क्षेत्र के राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय व राधा कृष्ण इंटर कॉलेज में मंगलवार को अलीनगर प्रशासन द्वारा छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बचाव के प्रति जागरूक करने का काम किया गया। क्षेत्र के अलीनगर स्थित है राधा कृष्ण महिला महाविद्यालय व इंटर कॉलेज के छात्राओं को अलीनगर महिला पुलिस द्वारा साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने का काम किया गया। इस दौरान बताया गया कि पासवर्ड में अपरकेस, लोअर केस नंबर और स्पेशल करेक्टर का कम्बीशन रखें। सोशल मीडिया साइट्स के लिए ऑफिशियल ईमेल का इस्तेमाल करें। अपनी जन्मतिथि, नाम,मोबाइल नंबर आदि का इस्तेमाल कभी भी पासवर्ड बनाने में न करें। अगर साइबर क्राइम के तहत किसी तरह का फ्रॉड किया जाता है तो 1930 हेल्पलाइन नंबर पर तत्काल फोन करे। ताकि खाते पर तत्काल रोक लगाई जा सके।

# मुख्य विकास अधिकारी में कोषागार कार्यालय में हुआ पेंशनर दिवस का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**भदोही।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में कोषागार कार्यालय में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें संयोजक के रुप में प्रभारी वरिष्ठ कोषाधिकारी अमन श्रीवास्तव एवं जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्ष / प्रतिनिधि तथा सम्मानित पेंशनरगण उपस्थित थे। उक्त बैठक में बेसिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा परिषद, पेंशनर्स वेलफेयर संस्था, सिविल पेंशनर्स संघ, विद्युत पेंशनर्स संघ एवं अन्य विभाग से सम्बंधित पेंशनर संगठनों ने अपनी-अपनी समस्याओं / सुझावों से अवगत कराया। पेंशनर की ऐसी समस्यायें जिनका निराकरण कोषागार कार्यालय स्तर में होना था, उनका तत्काल निस्तारण करानें का आश्वासन वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा दिया गया। पेंशनरों (बेसिक शिक्षा) द्वारा नोशनल इंकीमेंट (सेवानिवृत्ति की तिथि 30 जून/31 दिसम्बर) के प्रकरण के संबंध में कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया जिसका समाधान वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा द्वारा किया जाना है एव उसके निराकरण हेतु वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा द्वारा अवगत कराया गया कि संदर्भित प्रकरण का निस्तारण अतिशीघ्र किया जायेगा। पेंशनर दिवस में उपस्थित सक्षम प्राधिकारियों के द्वारा भी समस्याओं का निराकरण शीघ्र कराने का आश्वासन दिया गया।




उक्त बैठक का संचालन प्रभारी वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री अमन श्रीवास्तव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला विकास कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, होम्योपैथिक विभाग, न्याय विभाग, पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सिचाई विभाग, आडिट विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ डा. राजकुमार पाठक, श्री मनीलाल, श्री कल्लू राम यादव, श्री शिव शंकर सिंह, श्री मिठाई लाल गुप्ता, श्री अवधेश कुमार राय, श्री मलारु राम, श्री विजय नाथ द्विवेदी, श्री प्रभा शंकर मिश्र, श्री दिनेश दत्त तिवारी आदि पेंशन पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर कोषागार के पेंशन लेखाकार श्री अवनीन्द्र नाथ शुक्ल, श्री अजय कुमार सिंह, श्री मथुरा राम यादव व अन्य सभी कार्मिक उपस्थित थे। अन्त में पेंशनर दिवस के संयोजक श्री अमन श्रीवास्तव, प्रभारी वरिष्ठ कोषाधिकारी, भदोही द्वारा सभी सम्मानित पेंशनरों का आभार प्रकट कर बैठक का समापन किया गया।

# ठंड के मद्देनजर सकलडीहा तहसील में पहुचा शासन का कंबल

## एसडीएम बोले 1300 कंबल गरीबो में किया जाएगा वितरित

शकुन टाइम्स संवाददाता

**सकलडीहा (चंदौली)।** बदलते मौसम के मिजाज से जबरदस्त ठंड ने दस्तक दी है। इसी को देखते हुए शासन की तरफ से सकलडीहा तहसील को कंबल मुहैया कराया गया। यह कंबल राजस्व निरीक्षकों के जरिए गांव के गरीब और निराश्रित लोगो तक पहुचाया जाएगा। इसके साथ ही अलाव भी जलवाया जाएंगा। आपको बता दे कि सकलडीहा सहित पूरे क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है। सर्द हवाओं से लोग शाम होते ही घरों में दुबक जा रहे है।

इस सर्द मौसम में सबसे अधिक परेशानी गरीब, असहाय और निराश्रित लोगो को होती है। ठंड से बचाव के लिए तहसील प्रशासन ने कमर कस ली है।एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि 1300 कंबल तहसील में आ चुका है। यह पूरा कम्बल तहसील क्षेत्र के 441 गांवो में वितिरित किया जाएगा। 13 राजस्व निरीक्षक गांव के अति गरीब, असहाय और निराश्रित लोगो को चिन्हित कर देंगे। साथ ही उनका फ़ोटो लेकर आपदा पोर्टल पर लोड किया जाएगा। कहा कि इसके साथ ही कुल 21 स्थानों पर अलाव भी जलवाया जाएगा। जिससे लोगो को ठंड से निजात मिल सके। इस मौके पर तहसीलदार अजीत सिंह, प्रदीप सिंह, रामप्रवेश सहित अन्य राजस्व निरीक्षक और लेखपाल रहे।



## सीएम योगी ने प्रियंका गांधी की ली चुटकी

# कहा, कांग्रेस नेत्री संसद में फिलिस्तीन का बैग लेकर घूम रही हैं, हम यूपी के युवाओं को इजराइल भेज रहे हैं

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया गया। इस दौरान सीएम योगी कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कल कांग्रेस की एक नेत्री संसद में फिलिस्तीन का बैग लेकर घूम रही थी, जबकि हम यूपी के नौजवानों को इजराइल भेज रहे हैं। यूपी के अबतक लगभग 5600 से अधिक युवा इजराइल गए हैं निर्माण कार्य के लिए जहां उन्हें रहने खाने की फ्री व्यवस्था और डेढ़ लाख महीने की तनख्वाह मिल रही है। आप को बता दें कि आज विधान सभा में यूपी का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया गया। जिसमें 17 हजार 865 करोड़ 72 लाख रुपये है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में बजट प्रस्ताव पेश करते हुये कहा कि साल का दूसरा अनुपूरक बजट मूल बजट का 2.42 फीसदी है। मूल बजट सात लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपये का था। आज पेश किये गये अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपये के नये प्रस्ताव शामिल किये गये हैं। साथ ही इसमे केंद्रीय योजनाओं में 422.56 करोड़ रुपये के क्रेंद्राश की राशि में शामिल है। वित्त मंत्री ने कहा कि अनुपूरक बजट का मकसद मूलत: विकास योजनाओं में तेजी लाने और महाकुंभ 2025 को भव्य रूप देना है। विकास सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिये अनुपूरक बजट लाना सरकार का संवैधानिक अधिकार है।

उन्होने कहा कि अनुपूरक बजट में निहित धनराशि से ऊर्जा विभाग,प्राथमिक शिक्षा विभाग,पंचायती राज विभाग,सूचना विभाग,परिवार कल्याण विभाग,पशुधन विभाग और चिकित्सा विभाग समेत अन्य को उनकी जरुरत के हिसाब से बजट आंवटित किया जायेगा।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने बाल गृह का किया निरीक्षण

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा डॉ. बबीता सिंह चौहान ने गोमतीनगर स्थित श्अपना घर बालिका गृहश् का निरीक्षण किया। ठंड को देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बबिता सिंह ने कहा कि हमारा पूरा प्रयास है कि बालिका गृह को पूरी तरह से घरेलू सुविधा उपलब्ध कराया जाए।

अध्यक्षा बबिता सिंह चौहान ने निरीक्षण के दौरान बालगृह में रहने वाली बालिकाओं से बातचीत की। बालिकाओं से ठंड के मौसम में कपड़ों से लेकर तमाम जरूरी आवश्यकताओं के बारे में पूछा। बबीता सिंह ने कहा कि बाल गृह का नाम अपना घर है जिससे सकारात्मक एहसास होता है। राजस्थान की संस्था के द्वारा भरतपुर से इसकी शुरुआत की गई थी। ये बहुत खुशी की बात है कि संस्था लगातार विकास कर रही है। संस्था से जुड़े हुए लोग बेहद गंभीर और संवेदनशील है। महिलाओं और बच्चियों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। बबीता सिंह ने कहा कि निरीक्षण के दौरान हर एक चीज की बारीकी से जांच की गई। बच्चों को पहनने के लिए गर्म कपड़े, पौष्टिक भोजन, ओढ़ने के लिए कंबल समेत प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बच्चों की समय-समय पर काउंसिलिंग की जाती है। बालिका गृह में शिक्षा के साथ पूजा-पाठ और सिलाई कढ़ाई की भी पूरी ट्रेनिंग दी जा रही है। आमतौर पर परिवार से दूर बाल गृह में रहने रहने वाली बच्चियां अत्यधिक संवेदनशील होती हैं। इसलिए इनका विशेष ध्यान रखा जाता है कि परिवार की कमी का एहसास ना हो।

## संक्षिप्त सामाचार

### बढ़ा महंगाई भत्ता, रोडवेज कर्मियों की बल्ले-बल्ले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने परिवहन विभाग के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया हैं। सरकार ने 15,843 नियमित कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में इजाफा किया हैं। इसको लेकर सरकार के द्वारा दिशा निर्देश जारी कर दिया गया हैं।सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के कर्मचारियों के लिए सातवें वेतनमान के तहत महंगाई भत्ता बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर दिया है। यह आदेश नवम्बर से लागू माना जाएगा, और इससे कर्मचारियों को 38 प्रतिशत से बढ़कर 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। महंगाई भत्ता बढ़ाने से परिवहन निगम पर 5 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार आएगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि यह बढ़ोतरी कर्मचारियों के उत्साह को बढ़ाएगी और इससे निगम को फायदा होगा। महंगाई भत्ता 46 से 50 प्रतिशत होने पर रिटायर होने वाले कर्मचारियों को ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा भी 20 लाख रुपये से बढ़कर 25 लाख रुपये हो जाएगी।यह महंगाई भत्ता पहले मार्च में 10 प्रतिशत बढ़ाया गया था, जिससे यह 28 प्रतिशत से बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया था। अब यह 46 प्रतिशत होने से कर्मचारियों को 2000 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक का लाभ मिलेगा, जबकि अधिकारियों को 6000 रुपये से लेकर 12000 रुपये तक का फायदा होगा। हालांकि, कर्मचारियों को एरियर का लाभ अभी नहीं मिलेगा। यह आदेश प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेकंटेश्वर लू ने कल जारी किया है।

### चलती पिकअप में लगी आग फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ने बुझाई आग

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे लोहिया पथ से गुजर रही लगेज वाली पिकअप में आग लग गई। रास्ते से गुजर रहे लोगों के शोर मचाने पर चालक ने पिकअप रोकी। तुरंत गाड़ी से नीचे उतर गया। हादसे की सूचना तत्काल पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने पानी की बौछार से आग पर काबू पा लिया। पिकअप का अगला हिस्सा और इंजन चेचिस पूरी तरह से जल चुकी है। ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। गोमती नगर फायर स्टेशन के मुताबिक मंगलवार सुबह पिकअप डाला (यूपी32 डीएन 5297) में आग लग गई थी। जब इंदिरा नगर नई मस्जिद चादन गांव निवासी रईस इसको लेकर घर लौट रहा था। रईस ने बताया कि टेंट का सामान मलेसे मऊ से छोड़कर वापस घर जा रहा था। तभी अचानक गाड़ी में आग लग गई। गाड़ी उनके पिता अतीक अली के नाम पर है।

### आवास विकास परिषद कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** राजधानी में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बताया विभिन्न मांगों को लेकर 2018 से लगातार संघर्ष कर रहे हैं । 350 कर्मचारि के कैरियर , प्रोन्नति वेतनमान (एसीपी) विगत पिछले 6 साल से लंबित जिसकी सुनवाई नहीं हो रही। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि संबंधित मुद्दे पर अब तक 15 बार विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक हो चुकी है। लेकिन कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका ये बेहद अफसोसनाक है ।2018 से लंबित (एसीपी) के मुद्दे पर नाराज परिषद कर्मियों लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। आवास विकास परिषद कार्यालय पर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा और वित्त नियंत्रक महेश पांडेय से वार्ता की मांग किया है।

# सरकार की छवि धूमिल कर रही, बीपीएम साधना सिंह

**एएनएम सीता के जरिए लिए ?300 घूस**

**मातृत्व वंदना योजना के रजिस्ट्रेशन के नाम पर लिया गया घूस**

**पीड़ित ने बताया अधीक्षक राजेश गौतम बीपीएम को बचाने में लगे**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरेनी का है मामला**

शकुन टाइम्स संवाददाता



**रायबरेली।** शहर के सरेनी ब्लॉक में आने वाले गांव हूलापुर निवासी अभिषेक कुमार ने बताया कि मेरी पत्नी प्रथम बार मां बनी थी। जिस पर सरकार द्वारा चल रही योजना मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत कुछ धनराशि लाभार्थी को मिलती है की जानकारी हुई । परंतु यह कैसे मिलती है इसकी जानकारी मुझे नहीं थी काफी दौड़ भाग करने पर एएनएम सीता द्वारा मेरा फॉर्म भराया गया एवं अपने फोन से सीएचसी सरेनी में तैनात बीपीएम साधना सिंह को फोन किया तो उधर से साधना सिंह ने कहा कि रजिस्ट्रेशन शुल्क के नाम पर 300 रुपए ले लो । चूंकि उस समय मेरे पास नगद धनराशि नहीं थी तो मैने ऑनलाइन ट्रांसफर सीता बहनजी के खाते में कर दिया । परंतु काफी समय बीतने के बाद भी मुझे योजना का लाभ नहीं मिला ।फिर जानकारी करने पर पता किया तो पता चला कि इस योजना में कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क नहीं पड़ता । तब मैने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जिसपर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई ।

# हज यात्रा हेतु द्वितीय किस्त जमा करने की अंतिम तिथि 30 दिसम्बर

**लखनऊ।** हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई ने अवगत कराया है कि हज- 2025 के लिए प्रत्येक चयनित हज यात्री को द्वितीय किस्त 1,42,000 रूपये जमा करने की अन्तिम तिथि 16 दिसम्बर से बढ़ाकर 30 दिसम्बर कर दी गयी है। सचिव,कार्यपालक अधिकारी हज कमेटी ने बताया कि महरम श्रेणी में महिलाओं ने उत्तर प्रदेश से 46 आवेदन किये थे जिनमें सभी का चयन हो गया है। चयनित महिलाओं की सूची वेबसाइट पद पर उपलब्ध है। चयनित महिलाओं को हज कमेटी आफइण्डिया के खाते में प्रथम व द्वितीय किस्त एक साथ 2,72,300 रूपये 30 दिसम्बर तक जमा करना है। पे-इन-स्लिप, ऑनलाइन जमा रसीद, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र, मेडिकल स्क्रीनिंग एण्ड फिटनेस सर्टिफिकेट, स्वहस्ताक्षरित अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की फोटोप्रति राज्य हज समिति के उक्त पते पर डाक अथवा दस्ती 01 जनवरी, 2025 तक जमा करना आवश्यक है।

# लहरपुर में मुहूर्त के साथ शुरू हुआ संग्राम सिंह पटेल और तनु श्री की भोजपुरी फिल्म ‘ए सी पी संग्राम की शूटिंग

## पहली बार संग्राम सिंह दिखेगे फुल एक्शन मे

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** वर्मा ग्लोबल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर के तले बन रही भोजपुरी फ़िल्म ए सी पी संग्राम की पूजा अर्चना के साथ मुहूर्त करके शूटिंग उत्तर प्रदेश के सीतापुर शहर के लहरपुर शुरू कर दिया गया हैँ ।

इस फिल्म निर्देशन मोवीन वारसी कर रहे है। फिल्म में संग्राम सिंह पटेल साथ एक्ट्रेस तंन्नु श्री नज़र आयेगी वर्मा ग्लोबल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म %ए सी पी संग्राम ' संग्राम सिंह पटेल की दसवीं फिल्म है। और जिस तरह का फिल्म का नाम ए सी पी संग्राम हैं ।ऐसे लगता है कि फिल्म एक्शन से भरपूर होगी । और यह कहानी दर्शकों का दिल को छू लेने वाली हैँ । फिल्म अभिनेता संग्राम सिंह पटेल ने बताया कि हमारी भोजपुरी फिल्म ‘ए सी पी संग्राम ' बेहद खास और मेरे अन्य फिल्मों से थोडा अलग है। पहली बार फुल एक्शन फिल्म कर रहा हूँ 7 इसकी पटकथा पर हमने बेहद मेहनत की है। हमारी कोशिश है कि हम एक ऐसी फिल्म लेकर दर्शकों के पास जाएं, जो दर्शकों

# योगी सरकार ने जारी किया सरकारी छुट्टियों का कैलेंडर

## 2025 में ज्यादातर वर्किंग डे में रहेगा अवकाश

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सरकार ने साल 2025 में पड़ने वाली सार्वजनिक छुट्टियों की घोषणा की है। जारी सरकारी कैलेंडर के मुताबिक इस साल ज्यादातर छुट्टियां वर्किंग डे पर रहने वाली है। इनमें होली, ईद, रामनवमी से लेकर दिवाली, जन्माष्टमी, क्रिसमस डे समेत तमाम छुट्टियों का जिक्र हैं। इस बार सालभर में 24 सार्वजनिक और 31 निर्बन्धित छुट्टियां रहेंगी।सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अगर कोई पर्व, त्योहार, राष्ट्रीय पर्व या महापुरुषों की जन्मतिथि एक ही दिन पड़ जाती है तो ऐसी स्थिति में एक ही दिन छुट्टी होगी। उसके एवज में दो दिन का अवकाश घोषित नहीं होगा। यूपी सरकार द्वारा जारी छुट्टियों की लिस्ट में 14 जनवरी आज हजरत अली के जन्मदिवस के अवसर पर छुट्टी की घोषणा की गई है,जबकि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर छुट्टी रहेगी। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को होली, 31 मार्च को ईद उल फित्तर का अवकाश रहेगा। 6 अप्रैल को रामनवमी, 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती, 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 7 जून को बकरीद, 6 जुलाई को मोहर्रम, 9 अगस्त को रक्षा बंधन, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त को जन्माष्टमी, 5 सितंबर को ईद ए मिलाद का अवकाश रहेगा। अगले साल 1 अक्टूबर को दशहरा, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और विजयदशमी दोनों त्योहारों का अवकाश रहेगा। 20 अक्टूबर को दीपावली, 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा, 23 अक्टूबर को भैयादूज, 5 नवंबर को गुरुनानक जयंती और 25 दिसंबर को क्रिसमस डे का अवकाश रहेगा। गणतंत्र दिवस, रामनवमी और मोहर्रम का त्योहार ही रविवार को पड़ने वाला है।ज्यादातर छुट्टियां वर्किंग डे पर रहने वाली हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि ये त्योहार स्थानीय चंद्र दर्शन के अनुसार होंगे। 2024 में निर्बन्धित अवकाश स्थानीय छुट्टी में एक जनवरी को नए साल, 8 जनवरी को हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती के उर्स, 14 जनवरी मकर संक्रांति, 24 जनवरी को जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्म दिवस, 2 फरवरी को बसंत पंचमी, 12 फरवरी को संत रविदास जयंती, 14 फरवरी शबे बरात, 15 मार्च होली, 28 मार्च को जमात-उल-विदा अलविदा,रमजान का अंतिम शुक्रवार के मौके पर छुट्टी रहेगी।

# विवाहिता ने फांसी लगाई, बेटी को स्कूल छोड़ने गया था पति

एजेंसी

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार सुबह एक महिला का शव फांसी पर लटकता मिला। घटना के वक्त पति बेटी को स्कूल छोड़ने गया था। जेठानी ने शव देख परिजनों को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वजीरगंज इलाके में मशकगंज ताड़ी खाना पर रहने वाले अरुण सैनी की पत्नी स्वाति (33) का कमरे में पंखे के सहारे फांसी पर लटकता शव मिला। कपड़े की दुकान पर काम करने वाले अरूण सैनी ने बताया कि सुबह पत्नी ने बेटी का लंच तैयार कर उसको स्कूल के लिए तैयार किया था। बेटी अनी को स्कूल छोड़कर लौटा तो भाभी पूजा ने बताया कि स्वाति ने आत्महत्या कर ली है। इसके बाद उन्नाव पुरवा में ससुराल और पुलिस वालों को घटना की सूचना दी। वजीरगंज पुलिस के मुताबिक, 8 साल पहले शादी हुई थी। परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बांस की कोठी में गमछे के सहारे युवक की लाश मिली है। गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बरगदहा गांव की है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। इंस्पेक्टर गोसाईगंज बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे सूचना मिली कि बरगदहा गांव के बाहर बांस कोठी मे गमछा से फंदा लगाकर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंचकर मृतक की पहचान सुरेश रावत (55) पुत्र सुखलाल के तौर पर की गई। सुरेश के परिजनों ने बताया कि सुरेश सतरिख थाना क्षेत्र में किसी फार्म हाउस पर नौकरी करता था।

# बढ़ी हुई दर से मुआवजा नहीं मिलने पर एलडीए ऑफिस को किसानों ने घेरा

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय किसान यूनियन एलडीए ऑफिस का घेराव कर रहा है। सुबह करीब 11 बजे से किसानों का प्रदर्शन चल रहा है। इस दौरान किसान अपनी मांगों को पूरा करने को लेकर नारेबाजी कर रहे हैं। एलडीए के अधिकारियों ने किसानों के साथ बैठक करने का प्रस्ताव दिया है।

करीब 100 की संख्या में किसान स्क। ऑफिस पहुंचे हैं। पुलिस बल भी मौजूद है। भाकियू अवध के अध्यक्ष रामसिंह यादव ने कहा कि एलडीए वीसी किसानों की मांग पर सुनवाई नहीं कर रहे। उन्हें चबूतरा सहित अन्य मांग पत्र देने को तैयार हैं, लेकिन उनके अधीनस्थ अधिकारी तैयार नहीं है। 11 जुलाई 2011 से लगातार प्रदर्शन चल रहा है। किसानों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। सीतापुर और कानपुर रोड पर किसानों को चबूतरा देने को कहा था, लेकिन नहीं दिया जा रहा है। पहले 404 चबूतरे का आवंटन हुआ था। इसमें 27 गांव के डेढ़ हजार किसान हैं। सीतापुर रोड़ पर भी 20 गांव है। यहां भी चबूतरा आवंटित करना है। किसानों को बढ़ी हुई दर का मुआवजा दिया जाए। आरोप है कि किसानों को कम मुआवजा दिया गया। आश्वासन पर आश्वासन दे रहे हैं। धरना दे रहे किसानों ने गांव के विकास का मुद्दा उठाया। इनका कहना है कि जिन गांवों की जमीन ली गई। वहां पर विकास किया जाए। सामुदायिक केंद्र की स्थापना की जाए। बोर्ड बैठक में भी कई प्रस्ताव पास किए गए हैं, लेकिन इनका लाभ किसानों को नहीं दिया जा रहा है। किसान राजेंद्र प्रसाद यादव का कहना है कि 1993 से किसान आंदोलन कर रहे हैं। 2011 से लगातार यह जारी है। सीतापुर रोड़ और कानपुर रोड़ पर किसानों को चबूतरे का आवंटन नहीं किया जा रहा है।

### घर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कमरे रखा सारा सामान जलकर राख

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर इलाके में मंगलवार दोपहर एक घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कमरे से धुआं निकलता देख मकान मालिक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने एक घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पाया। कमरे में रखा सारा सामान जल गया। कोई जनहानि नहीं है। गोमती नगर के हासेमऊ में मंगलवार दोपहर करीब 12.40 बजे एक मकान के फर्स्ट फ्लोर में आग लग गई। मकान मालिक ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने दरवाजा पर लगा ताला काटकर राहत कार्य शुरू किया। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। एक कमरे में रखा सारा सामान जल गया, जबकि अन्य कमरों तक आग नहीं पहुंच सकी। मकान तीन फ्लोर का है। जिसमें फर्स्ट फ्लोर पर एक कमरे में आग लगी थी बाकी सामान सुरक्षित निकाल दिया गया।

# चारबाग रेलवे स्टेशन से बच्चे को किया किडनैप, रेप के बाद की निर्मम हत्या

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पांच साल के बच्चे की रेप के बाद निर्मम हत्या कर दी गई। बच्चे का शव रेल यार्ड में फेंक कर आरोपी फरार हो गया था। हालांकि, जांच में जुटी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला राजधानी लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन का है। जहां रेल यार्ड में एक मासूम बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि ये बच्चा अपनी मां के साथ राजस्थान से लखनऊ आया था। चारबाग रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बच्चे का अपहरण कर लिया गया। जिसके बाद आरोपी ने रेप जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दिया। फिर बच्चे की निर्मम हत्या कर उसके शव को यार्ड में फेंक कर फरार हो गया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि बच्चे की मां को राजस्थान से लखनऊ फिर प्रतापगढ़ जाना था। वह चारबाग रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल में गाड़ी का इंतजार कर रही थी। इस दैरान वहां मौजूद इब्राहिम नामक शख्स ने बच्चे से दोस्ती बढ़ाकर उसके साथ खाना खाया। फिर बच्चे की मां की आंख लगते ही वह मासूम को अपने साथ लेकर चला गया। इधर जब मां की नींद टूटी तो उसके होश उड़ गए। क्योंकि, उसका बच्चा गायब था। ऐसे में महिला ने जीआरपी थाने में इब्राहिम के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मामले की जांच शुरु की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया।

# एलडीए अधिकारियों की दुषित कार्यशैली के चलते बेलगाम हुआ अवैध निर्माण

## सीलिंग में उत्तर प्रदेश नगर योजना विकास अधिनियम 1973 का खुला उल्लंघन

शकुन टाइम्स संवाददाता




**लखनऊ।** सुबह की राजधानी में अवैध निर्माणों पर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर योजना विकास अधिनियम 1973 की धाराओं के तहत कार्यवाही के नाम पर प्रवर्तन क्षेत्र में तैनात अवर व सहायक अभियंता के साथ ही जोनल अधिकारी अवैध निर्माण के नाम पर निर्माणकर्ता का आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न करके दोहन कर प्राकृतिक न्याय की खुलेआम हत्या कर देते हैं। लखनऊ विकास प्राधिकरण के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर योजना विकास अधिनियम 1973 की धाराओं के तहत नियम विरुद्ध निर्माणों पर कार्यवाही के नाम पर प्रवर्तन जोन क्षेत्रों में तैनात अवर अभियंता व सहायक अभियंता तथा जोनल अधिकारी निर्माणकर्ताओं से दूरभाष संधि करके अवैध निर्माण करवाने में लिप्त उक्त लोगों के द्वारा प्राधिकरण विहित प्राधिकारी न्यायालय में विचाराधीन वाद की पूर्ण जानकारी न देकर के अवैध निर्माण को पूर्ण करवा देते हैं।

विहित प्राधिकारी के द्वारा प्रवर्तन में तैनात अवैध निर्माण के संरक्षणदाता अवर व सहायक अभियंता तथा जोनल अधिकारियों से कोई भी व्याख्या न लेकर निर्माणकर्ता को अनवरत अदालत के चक्कर लगवाकर प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन क्षेत्रों में तैनात अवर व सहायक तथा जोनल अभियंताओं से कोई प्रगति व्याख्या नहीं मांगी जाती है, और वर्षों बाद सीलिंग व ध्वस्ती के पारित आदेश के बाद अवैध निर्माण के हिमायती संरक्षणदाता अवर व सहायक अभियंता के द्वारा अवर न्यायालय में अपील करने की राय देकर मामले को और लंबित करवा कर अवैध निर्माण को अध्यासित करवाकर मामले की अंत्येष्टि कर दी जाती है।

ऐसे ही हजारों अवैध निर्माण के मामले मंडल आयुक्त लखनऊ मंडल तथा सचिव नगर विकास विभाग के कार्यालय में लंबित हैं। प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व प्राधिकरण अध्यक्षध्मंडलायुक्त रोशन जैकब द्वारा अवैध निर्माणों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देशों के बाद भी प्रवर्तन जोन के क्षेत्रों में तैनात अवर व सहायक अभियंता तथा जोनल अधिकारियों की कार्यशैली में कोई भी बदलाव नहीं हो रहा है और शहर के चारों ओर बड़े पैमाने पर खुलेआम अवैध निर्माण हो रहे हैं। उपाध्यक्ष द्वारा अवैध निर्माण के मामले में मांगी गई साप्ताहिक आख्या के आदेश सफेद हाथी प्रतीत हो रहे हैं। विहित न्यायालय विराजमान पेशकार और बिल्डरों की दूरभाष संधि के चलते अवैध निर्माण के विचाराधीन मामलों की पत्रावलिया दबाई जा रही हैं और विहित प्राधिकारी द्वारा पत्रावलियों पर किए जाने वाले आदेश को लंबित करवाकर अवैध निर्माण वह पूर्ण करके अध्यासित करवाया जा रहा है। अवैध निर्माण के खेल में उच्च अधिकारी और जोनल अधिकारियों की भी मिलीभगत होती है। एलडीए उपाध्यक्ष अध्यक्ष मंडल आयुक्त के आदेशों की अवहेलना कर जोनल अधिकारी तैनाती क्षेत्रों में जाने के बजाय कार्यालय में बैठकर काम का लिपटारा कर देते हैं। विहित न्यायालय के पेशकार और बिल्डरों की दूरभाष संधि के चलते वादों के विचाराधीन पत्रावलियों को दबा दिया जाता है।

# सम्पादकीय

## भारत की असली चिंता घरेलू विकृतियों में है, ट्रम्प के टैरिफमें नहीं

30 नवंबर को अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया पर एक धमकी पोस्ट की, जिसमें चेतावनी दी गयी कि यदि ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर को छोड़ देते हैं, तो उन्हें 100प्रश टैरिफका सामना करना पड़ेगा। लेकिन यह कोई नयी धमकी नहीं है और इसी तरह की चेतावनियां अन्य क्षेत्रों पर भी निर्देशित की गयी हैं, जिनमें मेक्सिको और चीन जैसे निकटवर्ती मित्र देश शामिल हैं, औरजिनमें टैरिफ के खतरों का विस्तार विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों तक हैं। नेशनल रिटेल फेडरेशन द्वारा हाल ही में किये गये एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि परिधान, खिलौने, फर्नीचर, उपकरण, जूते और यात्रा के सामान पर ट्रम्प के प्रस्तावित टैरिफसे उपभोक्ताओं को सालाना 46अरब डॉलर से 78अरब डॉलर तक का अतिरिक्त नुकसान हो सकता है। इन सबका मतलब है उपभोक्ताओं के लिए उच्च कीमतें, और चीनी वस्तुओं के अमेरिकी विक्रेताओं को टैरिफद्वारा प्रेरित मूल्य वृद्धि के कारण व्यापार में नुकसान का डर। जहां एक ओर चीन को टैरिफका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है, वहीं दूसरी ओर भारत सहित अन्य पड़ोसी देशों को छूट मिलने की संभावना नहीं है। ट्रम्प ने न केवल भारत को श्टैरिफकिंगश् करार दिया, बल्कि उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में अपने अंतिम कार्यकाल के दौरान देश को सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली (जीएसपी) से भी हटा दिया था। 1974 के व्यापार अधिनियम द्वारा स्थापित जीएसपी के तहत, अमेरिकी नीति निर्माताओं ने नामित लाभार्थी देशों – मुख्य रूप से कम आय वाले देशों– से लगभग 3,500 उत्पादों के आयात को तरजीही शुल्क–मुक्त (शून्य–टैरिफ) दर पर अनुमति दी। इसका उद्देश्य इन देशों को अमेरिका के साथ अपने व्यापार को बढ़ाने और विविधता लाने में मदद करना था। विश्व बैंक के अनुसार, श्कम आय वालाश् देश वह है जिसकी प्रति व्यक्ति आय 2023 में प्रति वर्ष .1,045 से कम है। भारत की प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,700 प्रति वर्ष होने के कारण, ट्रम्प की स्थिति तकनीकी रूप से सही है। भारतीय कम्पनियां अब जीएसपी के तहत तरजीही व्यवहार के लिए योग्य नहीं हो सकती हैं, यह देखते हुए कि भारत अब कम आय सीमा को पूरा नहीं करता है। चूंकि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बना हुआ है, इसलिए बढ़ते प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों के साथ देश के लिए दबाव महसूस करना स्वाभाविक है।

भारत के कुल निर्यात का लगभग 18प्रश अमेरिका को निर्देशित किया जाता है, जिसका मूल्य 2023 में 77अरब और 2022 में 78अरब था। हालांकि, यदि जीएसपी को वापस लेने सहित पिछले प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों को कोई संकेत माना जाये, तो इसका प्रभाव अपेक्षाकृत मामूली रहा है। जीएसपी के तहत योग्य वस्तुओं की एक त्वरित समीक्षा से पता चलता है कि वे मुख्य रूप से कपड़ा और परिधान, घड़ियां, जूते, काम के दस्ताने, ऑटोमोटिव घटक और चमड़े के परिधान जैसी श्रेणियों में आते हैं। भारत द्वारा अमेरिका को किये जाने वाले निर्यात में मुख्य रूप से हीरे (19प्रश), पैकेज्ड दवाइयां (14प्रश), परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद (8.9प्रश), ऑटोमोटिव घटक (2.1प्रश), तथा वस्त्र और परिधान (3.7प्रश) शामिल हैं। भारत के अधिकांश प्रमुख निर्यात आय–संवेदनशील हैं, और कमजोर वैश्विक मांग का प्रभाव पड़ रहा है। दूसरी ओर, एक मजबूत भारतीय अर्थव्यवस्था ऊर्जा और जीवाश्म ईंधन की उच्च मांग को बढ़ावा देती है, जिनमें से अधिकांश आयात किये जाते हैं। सरकार ने बढ़ते चालू खाता घाटे को दूर करने के लिए कई कदम उठाये हैं। भारत रूस से रियायती तेल आयात करना जारी रखा है, जिसका व्यापार टोकरी में हिस्सा 1प्रश से बढ़कर 22प्रश हो गया है। पिछले साल भारत ने इथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले 100प्रश टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। सोने के आयात पर अंकुश लगाने के लिए सीमा शुल्क को 7.5प्रश से बढ़ाकर 12.5प्रश कर दिया गया। निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी पहलें भी की गई हैं। हालांकि, सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण मूल्य वर्धन का योगदान 17प्रश पर स्थिर बना हुआ है, जो विनिर्माण प्रतिस्पर्धा में कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं दर्शाता है। प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और विनिर्माण का एक प्रमुख चालक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ्डीआई) प्रतिस्पर्धात्मकता में गिरावट आ रही है, सकल एफ्डीआई प्रवाह घटकर मात्र 1प्रश रह गया है, और शुद्ध एफ्डीआई वित्तीय वर्ष 2023–24 की पहली छमाही में 0.6प्रश रह गया है – जो 2005–06 के बाद से नहीं देखा गया है। कारोबारी माहौल में कठोरता, उलटा शुल्क ढांचा (आईडीएस), और द्विपक्षीय संधियों को समाप्त करने के भारत के फैसले को एफ्डीआई के प्रवाह को हतोत्साहित करने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। विदेशी विनिर्माण दिग्गजों के प्रभुत्व वाले दो सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विचार करें, अर्थात् ऑटोमोबाइल और कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स (सीएसडी)। ये दोनों उद्योग माल और सेवा कर (जीएसटी) की उच्चतम संभव दर को आकर्षित करते हैं जो 28प्रश है और अतिरिक्त उपकर कुल शुल्क को 40प्रश तक ले जाता है। चीनी पेय पदार्थों पर कर लगाने की वैश्विक प्रथा के विपरीत, भारत सीएसडी पर उच्च कर लगाने के लिए खड़ा है। कम और शून्य चीनी वाले सीएसडी पर उच्च कर डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सिफारिशों के विपरीत हैं, जो चीनी सामग्री के आधार पर कर के पक्ष में हैं। 120 से ज्यादा देशों ने स्तरित कर नीतियां अपनाई हैं।

# सेठ की साथी सरकार

**अडानी समूह की कंपनियों में सबसे बड़ी निवेशक कंपनी अमेरिका की श्जीक्यूजी पाट्र्नजर्ष है। इसका कुल एक्सपोजर 9.7 बिलियन डॉलर है जो अडानी के कुल निजी निवेश का 6.1प्रश है। अमेरिका में एक कानून है जिसे श्फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेज एक्टश् कहते हैं। अमेरिकी कम्पनियों के लिए बने इस कानून में कहा गया है कि अमेरिका का निवेश, दूसरे देशों में भ्रष्टाचार के लिए इस्तेमाल करना कघनूनी जुर्म है। बस, जोर-जोर से आवाज उठाई गई कि यह कानून अमेरिकी कंपनियों के लिए है तो इसके तहत अडानी परिवार की किसी कंपनी को कैसे फंसा सकते हैं? कुछ नामी-गिरामी वकील भी अकारण इस फ्टे में टांग अड़ाते हुए मीडिया में आए। सब कहने लगे रू अडाणी पर लगे सारे आरोप बे-बुनियाद हैं!**

प्रेरणा

फिर एक बार अडाणी की इज्जत और देश की बेइज्जती आमने–सामने है। सबसे पहले हिंडनबर्ग ने अडानी की कंपनियों पर दुनिया का श्सबसे बड़ा वित्तीय धोखा देने का आरोप लगाया था। जैसे ही हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आई, अडानी कंपनी के एक आला अधिकारी ने वीडियो पर भारतीय झंडे के साथ खड़े होकर दुनिया को संदेश दिया कि अडानी को बदनाम करने का मतलब भारत को बदनाम करना है! मोदी सरकार ने हर तरह से इसका समर्थन किया। अब बाजी पलट गई है। अब अमेरिकी सरकार सामने है जो कह रही है कि अडानी व उनके भतीजे सागर अडानी ने घूस देने का अभियानश् चला रखा है। मोदी सरकार के भारत में भ्रष्टाचार कोई मुद्दा नहीं रह गया है। इसलिए उसे यह समझना मुश्किल हो रहा है कि भारत में किसी ठेके के एवज में, भारत की एक कंपनी ने, भारत सरकार और उसके अधिकारियों को घूस दी तो उसमें अमेरिका की अदालत को बीच में पड़ने की क्या जरूरत है? जब हमें कोई दिक्कत नहीं है तब अमेरिका के न्याय विभाग और अमेरिका की शेयर बाजार नियामक संस्था के पेट में क्यों दर्द हो रहा है? सरकार के सिपाहियों ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया, अमेरिका भारत के विकास से चिढ़कर हमारे अंदरूनी मामलों में दखल दे रहा है! चलिए, हम जरा इस मामले को समझ लें। अडानी कंपनी के लगभग 75प्रश शेयर परिवार के पास ही हैं। बाकी 25प्रश शेयरों में सबसे बड़ा निवेश विदेशी कंपनियों का है। हिंडनबर्ग का पहला आरोप यह था बाजार में कृत्रिम अभाव खड़ा करके अडानी कंपनी ने अपने शेयरों के भाव बढ़ाए हैं।

अडानी समूह की कंपनियों में सबसे बड़ी निवेशक कंपनी अमेरिका की श्जीक्यूजी पाट्र्नजर्ष है। इसका कुल एक्सपोजर 9.7 बिलियन डॉलर है जो अडानी के कुल निजी निवेश का 6.1प्रश है। अमेरिका में एक कानून है जिसे श्फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेज एक्टश् कहते हैं। अमेरिकी कम्पनियों के लिए बने इस कानून में कहा गया है कि अमेरिका का निवेश, दूसरे देशों में भ्रष्टाचार के लिए इस्तेमाल करना कघनूनी जुर्म है। बस, जोर–जोर से आवाज उठाई गई कि यह कानून अमेरिकी कंपनियों के लिए है तो इसके तहत अडानी परिवार की किसी कंपनी को कैसे फंसा सकते हैं? कुछ नामी–गिरामी वकील भी अकारण इस फ्टे में टांग अड़ाते हुए मीडिया में आए। सब कहने लगे रू अडाणी पर लगे सारे आरोप बे–बुनियाद हैं! अडानी ने, भारत सरकार ने और भारतीय मीडिया ने अपना फैसला सुना दिया रू सब चंगा सी! काश ऐसा होता कि शुतुरमुर्ग रेत में सर घुसाता और आंधी खत्म हो जाती लेकिन ऐसा होता नहीं है। अमेरिका से आंधी उठी तो केनिया ने अडानी के साथ के एयरपोर्ट और वैकल्पिक ऊर्जा के कई सौदे रद्द करने की घोषणा कर दी। श्रीलंका की नयी वामपंथी सरकार ने कहा कि वह अडानी के साथ बंदरगाह और पवन ऊर्जा के अनुबंध का पुरावलोकन कर रही है। बांग्लादेश ने भी एक कमिटी का गठन किया है जो अडानी के साथ हसीना सरकार के सारे सौदों की जांच करेगी। फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों ने भी कहा है कि वे अडानी कंपनियों में अपने




निवेश पर फिर से विचार कर रहे हैं। अडानी और उसकी सहयोगी अमेरिकी कंपनी अजुर पर भारत में राज्य सरकारों को लगभग 2200 करोड़ रुपयों की घूस देने का आरोप है। घूस खाने वाले राज्यों में ओडिशा, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, जम्मू–कश्मीर और आंध्रप्रदेश के नाम हैं। आंध्रप्रदेश को 2021–23 के बीच लगभग 1700 करोड़ रुपयों की घूस देने का आरोप है। मोदी सरकार की सहयोगी आंध्रप्रदेश की चंद्रबाबू नायडू सरकार इस बात की जांच कर रही है कि क्या अडानी के साथ हुए महंगे ऊर्जा सौदों को रद्द किया जा सकता है? मतलब यह कि फाईनान्स व सरकार दोनों में हलचल मची है। अब आइए, यह भी देख लेते हैं कि आखिर कैसे भारत की इज्जत अडानी के नाम के साथ जुड़ गई है। जनवरी 2023 में शिहंडनबर्गश् ने अपनी रिपोर्ट में अडानी पर कॉर्पोरेट इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला करने का आरोप लगाया था। कुछ लोग इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे जिसने इन आरोपों की जांच की जिम्मेवारी सेबी को सौंपी। सेबी का हाल यह है उसकी प्रमुख एक ऐसी महिला है जिसे नौकरशाही की बजाय निजी क्षेत्र से लाकर वहां बिठाया गया है। ऐसा सेबी के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। यह क्यों हुआ, सरकार कैसे इसका औचित्य सिद्ध करती है, सेबी प्रमुख की कुर्सी पर बिठाई गई माधवी बुच की ऐसी क्या योग्यता है, आदि महत्वपूर्ण सवालों को सुप्रीम कोर्ट ने नजरंदाज किया। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग रिसर्च ने फिर एक विस्फोटक रिपोर्ट जारी की कि श्सेबीश् चीफमाधवी बुच को अडानी समूह के सौदों की जांच सौंपना कैसे कॉन्फ्लिक्ट ऑफइंटरेस्ट (स्वार्थ की टकराहट) का मामला बनता है। उसने बताया कि माधवी बुच का अडानी समूह की कम्पनियों में निजी निवेश था। यह ऐसा आरोप था जिसके आधार पर कोई भी सरकार पहला काम यह करती कि माधवी बुच को सेबी प्रमुख के पद से हटा देती और सारे मामले की जांच शुरू करवा देती। ऐसा चलन भी रहा है कि राष्ट्रीय महत्व के ऐसे मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट स्वतरू संज्ञान लेकर जांच का आदेश देता है, लेकिन यहां तो सुप्रीम कोर्ट ने चुप्पी साध ली। अब कौन कहे कि किसकी जांच किसे करनी है अमेरिकी नियामक संस्था ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका में अडानी के अफसरों पर पड़े छापों की जानकारी अडानी ने श्सेबीश् को नहीं दी, जो कि कघनूनन अपराध है। इन छापों की जानकारी अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय अखबारों में छपी, फिर भी सेबी ने इसका संज्ञान लेना जरूरी नहीं समझा। अदालत, सरकार, सेबी जैसी संस्थाओं के रवैये से भारत सरकार और उसकी संस्थाओं की साख शक के घेरे में है। भारतीय शेयर बाजार की दुनिया में अच्छी साख रही है। श्सेबीश् को प्रोफेशनल संस्थान माना जाता रहा है। यह सच है कि घोटाले सभी बाजारों में होते हैं, हमारे यहां भी हुए हैं, लेकिन श्सेबीश् की साख इससे बनती है कि इन घोटालों के बाद उसने क्या कघनूनी कार्रवाई की और ऐसे घोटाले दोबारा न हों, इसकी क्या व्यवस्था बनाई? यहां तो श्सेबीश् ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसे अडानी की कंपनियों में दुनियाभर से निवेश कर रही कंपनियों की कोई जानकारी मिल नहीं पा रही है।

# काबू में मलेरिया


यह सुखद है कि पूरी दुनिया में पिछले दो दशकों में मलेरिया के खिलाफ जंग में आशातीत सफलता मिली है। जिससे जहां मलेरिया के मामलों में तेजी से गिरावट दर्ज की गई है, वहीं मौत के आंकड़ों में कमी आई है। पिछले दिनों जारी विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि सार्थक प्रयासों से भारत मलेरिया की दृष्टि से अधिक संवेदनशील देशों की सूची से बाहर निकल गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हालिया रिपोर्ट में जिक्र किया है कि भारत में मलेरिया के मामलों में जहां 69 फीसदी की कमी आई है, वहीं इससे होने वाली मौतों में 68 फीसदी की कमी आई है। उल्लेखनीय है कि देश के मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों में सघन अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान से भी इस दिशा में लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिली है। दरअसल, मलेरिया से ज्यादा प्रभावित राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में मलेरिया उन्मूलन अभियान युद्ध स्तर पर चलाया गया। इसके चलते भारत को डब्ल्यूएचओ ने उन देशों में शुमार किया है जिन्होंने इस दिशा में आशातीत सफलता हासिल की है। सुखद यह है कि मलेरिया से अधिक प्रभावित देशों मसलन अफ्रीकी देशों में नई वैक्सीन के ट्रायल के बेहतर परिणाम सामने आए हैं। ऐसे में उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि हर साल जो लाखों लोग मलेरिया की चपेट में आते हैं, नई वैक्सीन के प्रभाव से उनकी जान के जोखिम को कम किए जाने में मदद मिल सकेगी। दरअसल, वैक्सीन के फेज–2बी के क्लीनिकल ट्रायल के परिणाम बताते हैं कि वैक्सीन सुरक्षित है और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में कारगर है। वैक्सीन की प्रभावशीलता पचपन फीसदी बतायी गई है। उल्लेखनीय है कि मशहूर चिकित्सा पत्रिका लैंसेट में प्रकाशित रिपोर्ट बताती है कि वैक्सीन रक्त में मौजूद मलेरिया की वजह बनने वाले परजीवियों के खिलाफप्रभावी पायी गई है। जिसे जीवन की रक्षा के लिये बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।उल्लेखनीय है कि जहां भारत में वर्ष 2017 में मलेरिया के चौंसठ लाख मामले थे, वे वर्ष 2023 में घटकर बीस लाख रह गए। वहीं मलेरिया से होने वाली मौतों पर भी अंकुश लगा है। दरअसल, जागरूकता अभियान से उत्पन्न चेतना तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से मलेरिया उन्मूलन में खासी मदद मिली है। एक अनुमान के अनुसार कोई पौने दो करोड़ मलेरिया के मामलों को टाला गया है। वहीं मलेरिया जोखिम में भी आशातीत गिरावट आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दक्षिण पूर्व एशिया के आठ देश मलेरिया से सर्वाधिक प्रभावित थे। जिसमें भारत में भी स्थिति विगत में चुनौतीपूर्ण थी। दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन इस बात को लेकर चिंतित था कि इस क्षेत्र में सघन आबादी के चलते दुनिया की एक चौथाई आबादी निवास करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दक्षिण एशिया के इन देशों में मच्छरों से पैदा होने वाले मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सहज उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा था। जिससे लोगों के जीवन पर जोखिम को कम किया जा सके। यह तभी संभव था जब मलेरिया के प्रति संवेदनशील लोगों तक सहजता से उपचार पहुंचा सकें। महत्वपूर्ण बात यह है कि जहां भारत, इंडोनेशिया, बांग्लादेश व नेपाल में मलेरिया के मामलों में गिरावट आई है, वहीं म्यांमार, थाईलैंड व दक्षिण कोरिया में मलेरिया के मामलों में वृद्धि का ट्रेंड देखा गया है। यही वजह है कि मलेरिया उन्मूलन पर 2024 की रिपोर्ट जारी करते हुए डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण पूर्व एशिया की कमजोर आबादी पर ध्यान केंद्रित करने को इन देशों की सरकारों से विशेष तौर पर कहा है। डब्ल्यूएचओ ने इसके लिये मलेरिया की पहचान, बचाव तथा इलाज की प्राथमिकता सुनिश्चित करने का आग्रह सरकारों से किया है। जिससे मलेरिया के मामलों में गिरावट से लाखों जिंदगियों की रक्षा की जा सके। ऐसे में नई वैक्सीन के उत्साहजनक परिणामों से मलेरिया के संदर्भ में संवेदनशील देशों में इसके खिलाफलड़ाई को तेज करने में मदद मिलेगी।

# खामोश हो गई तबले की थाप

**यूं तो बचपन से ही अपने पिता और गुरु उस्ताद अल्ला रक्खा खां से उन्होंने तबला वादन की तालीम ली, लेकिन 12 बरस की अल्पायु में ही बड़े गुलाम अली, आमिर खां, ओंकारनाथ ठाकुर के साथ संगत की, 16-17 के होते-होते वे पं. रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खां के साथ कार्यक्रमों में तबला बजाने लगे। उनके पिता ने भी पं. रविशंकर के साथ लंबे वक्त तक संगत की। इसके बाद जाकिर हुसैन ने शास्त्रीय संगीतज्ञों की अगली पीढ़ी पं. हरि प्रसाद चौरसिया, पं. शिव कुमार, उस्ताद अमजद अली खां के साथ संगत की और फिर उनकी पीढ़ी शाहिद परवेज, राहुल शर्मा, अमान अली खां, अयान अली खां आदि के साथ भी तबला बजाया। संगीत की चार पीढ़ियों का साथ देते-देते जाकिर हुसैन ने हिंदुस्तानी और पाश्चात्य संगीत के बीच भी अद्भुत तालमेल किया।**

तबले पर जादू की तरह थिरकती उंगलियों के साथ ताल का मायाजाल खड़ा करने के माहिर उस्ताद जाकिर हुसैन नहीं रहे। 73 बरस की उम्र में उन्होंने सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका में आखिरी सांस ली। संगीत की दुनिया में लगातार छह दशकों तक जाकिर हुसैन ने अपनी छाप कायम की। संगीत की दुनिया में चार पीढ़ियों के साथ संगत करने का कीर्तिमान उन्होंने स्थापित किया।

यूं तो बचपन से ही अपने पिता और गुरु उस्ताद अल्ला रक्खा खां से उन्होंने तबला वादन की तालीम ली, लेकिन 12 बरस की अल्पायु में ही बड़े गुलाम अली, आमिर खां, ओंकारनाथ ठाकुर के साथ संगत की, 16–17 के होते–होते वे पं. रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खां के साथ कार्यक्रमों में तबला बजाने लगे। उनके पिता ने भी पं. रविशंकर के साथ लंबे वक्त तक संगत की। इसके बाद जाकिर हुसैन ने शास्त्रीय संगीतज्ञों की अगली पीढ़ी पं. हरि प्रसाद चौरसिया, पं. शिव कुमार, उस्ताद अमजद अली खां के साथ संगत की और फिर उनकी पीढ़ी शाहिद परवेज, राहुल शर्मा, अमान अली खां, अयान अली खां आदि के साथ भी तबला बजाया। संगीत की चार पीढ़ियों का साथ देते–देते जाकिर हुसैन ने हिंदुस्तानी और पाश्चात्य संगीत के बीच भी अद्भुत तालमेल किया। इसलिए उन्हें चार–चार ग्रैमी अवार्ड मिले, जिनमें तीन तो इसी साल फरवरी में ही मिले थे। भारत सरकार ने भी उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण से नवाजा, इसके अलावा कालिदास सम्मान, संगीत नाटक अकादमी अवार्ड भी उन्हें



दिए गए। लेकिन उस्ताद जाकिर हुसैन होने का महत्व इन अवाड्र्स और सम्मानों से नहीं बल्कि इस बात से था कि अपने संगीत को उन्होंने दुनिया को एक जोड़ने के लिए इस्तेमाल किया। भारतीय और पाश्चात्य संगीत का अद्भुत मिश्रण कर उन्होंने जाहिर किया कि पूरी दुनिया में संगीत की जुबां एक ही है। दरअसल इस एकता का मंत्र तो उनके पैदा होते साथ ही उनके पिता ने उनके कानों में फूंक दिया था। नसरीन मुन्नी कबीर की पुस्तक शए लाइफइन म्यूजिकश् में उस्ताद जाकिर हुसैन के हवाले से बताया गया है कि– जब मैं पैदा हुआ तो मां ने मुझे पिता उस्ताद अल्ला रक्खा की गोद में रखा। दस्तूर के मुताबिक उन्हें मेरे कान में एक प्रार्थना सुनानी थी। पिता बीमार थे, लेकिन फिर भी वो अपने होंठों को मेरे कानों के बिल्कुल करीब ले आए और तबले के कुछ बोल सुनाए। मां नाराज हुईं और कहा कि यह तो अपशकुन है। पिता ने जवाब दिया कि संगीत मेरी साधना है और सुरों से मैं सरस्वती और गणेश की पूजा करता हूं। इसलिए यही सुर–ताल मेरी दुआ है।जाकिर नाम का कोई इंसान सरस्वती और गणेश का जिक्र अपने होठों पर लाए, ये बात आज के भारत में सीधे सांप्रदायिक तनाव की तरफध्यान ले जाएगी। क्योंकि मौजूदा राजनीतिक माहौल में पहनावे से लेकर खान–पान और भाषा तक सभी को हिंदू–मुसलमान में बांटने की कवायद की जा रही है। संगीत की दुनिया फिलहाल इससे बची हुई है, लेकिन इस बात की खैर भी हम कब तक मना सकते हैं। बहरहाल, जाकिर हुसैन को उनके पिता ने जिस संगीत की तालीम दी, अपने कार्यक्रमों में वे उसे बताते भी थे। एक कार्यक्रम के दौरान जाकिर हुसैन एक हाथ से तबले पर थाप देकर बताते रहे कि शिव जी के डमरू से जो नाद उत्पन्न हुआ, गणेश जी ने उसे कैसे ताल में बदला। और फिर डमरू के साथ–साथ शंख की ध्वनि भी जाकिर हुसैन ने अपने तबले से निकाल कर बताई। घोड़ों की टाप, रेगिस्तान में तूफान, बारिश की टपटप, मंदिर की घंटी, शिवजी का डमरू सब कुछ जाकिर हुसैन अपने तबले के जरिए श्रोताओं को सुना देते थे। उनके तबला वादन और संगीत में किए गए तमाम प्रयोगों की खासियत यही थी कि वे जनता को सीधे इससे जोड़ देते थे। शास्त्रीय संगीत के बारे में आम धारणा यही है कि यह बोझिल होता है, आसानी से समझ नहीं आता और इसी वजह से आम जनता के बीच इसका चलन कम होता है। लेकिन जाकिर हुसैन ने इस धारणा को तोड़ा और अपने तबले के जरिए शास्त्रीय संगीत की खूबियों से आम जनता को परिचित कराया और उन्हें इसका आनंद लेने का मौका दिया। पाठकों को ताजमहल चाय का वह विज्ञापन याद ही होगा, जिसमें वाह उस्ताद वाह, के जवाब में वे बड़े अदब से कहते हैं अरे हुजूर वाह ताज कहिए। यही अदब और मासूमियत हमेशा उनके तबले के जरिए सुनाई देती रही। दरअसल संगीत जाकिर हुसैन के लिए सबसे पवित्र और वरदान की तरह था। बीबीसी को दिए एक साक्षात्कार में उस्ताद जाकिर हुसैन ने संगीत को सरस्वती का वरदान बताया था। उन्होंने कहा था कि शिवजी का डमरू या गणेशजी का पखावज या फिर कृष्ण की बांसुरी, हिंदुस्तान पर इन सबका आशीर्वाद है तो स्वाभाविक है कि इसमें आत्मा तो होगी ही। उनके मुताबिक संगीत सबसे पवित्र है।

# क्या गौतम गंभीर और अभिषेक नायर भारतीय बल्लेबाजों को तकनीकी खामियों से छुटकारा दिला सकतें है?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और विराट कोहली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के दौरान अपने विकेट गंवाने के तरीके के कारण आलोचना का सामना करना पड़ रहा है लेकिन युवा शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत भी क्रीज पर समय बिताने के लिए जरूरी धैर्य नहीं दिखा रहे जिससे टीम की समस्या काफी बढ़ गयी है। टेस्ट मैच में बल्लेबाजी में धैर्य सबसे बड़ा हथियार है और यह खिलाड़ी में समय के साथ विकसित होता है। कोहली 2014 से 2019 के बीच जब अपने स्वर्णिम दौर में थे तब उन्होंने इस धैर्य को अच्छे से दिखाया था। लोकेश राहुल ने अपनी शानदार तकनीक के दम पर वर्तमान श्रृंखला के दौरान पर्थ और ब्रिसबेन में क्रमशः 77 और 84 रन की पारी खेल इन परिस्थितियों से निपटने के तरीके के बारे में बताया है।



जायसवाल की बात करें तो पर्थ में दूसरी पारी में 161 रन को छोड़कर उन्होंने निराश ही किया है। वह जिस तरह से क्रीज के पास कदमों का इस्तेमाल करते है उससे पगबाधा होने का खतरा बना रहता है। गिल ऑफ स्टंप के बाहर वाली गेंदों को शरीर से दूर खेलते हुए ड्राइव लगाने को आतुर हो रहे हैं और इस कोशिश में लगातार अपना विकेट गंवा रहे है। अपने आक्रामक रवैये के लिए पहचाने जाने वाले पंत भी क्रीज से पांच मीटर दूर टप्पा खाकर उछाल लेने वाली गेंदों से सामंजस्य नहीं बैठा पा रहे है। मुख्य कोच गौतम गंभीर और उनके सहायक अभिषेक नायर इस समस्या का समाधान ढूंढ सकते हैं। नायर को मुंबई क्रिकेट जगत में 'माइंड कोच और लाइफ कोच के मिश्रण' के तौर पर जाना जाता है। भारत के एक पूर्व महान खिलाड़ी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि जरूरी नहीं कि कोई महान खिलाड़ी बढिया कोच साबित हो या कोई शानदार कोच बढ़िया खिलाड़ी रहा हो। भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेलने वाले इस खिलाड़ी ने कहा, ''सभी महान खिलाड़ी या प्रतिष्ठित खिलाड़ी महान कोच नहीं होते हैं। उन्होंने खिलाड़ी के रूप में कुछ अविश्वसनीय चीजें की होंगी और जानते होंगे कि किसी विशेष स्थिति के दौरान क्या करना है और कैसी प्रतिक्रिया देनी है।'' उन्होंने कहा, ''कोचिंग विज्ञान है और बहुत से लोग यह नहीं बता सकते कि कुछ चीजों को कैसे करने की आवश्यकता क्यों है। गौतम भी ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में काफी बार स्लिप में कैच दे देते थे।'' उन्होंने कहा, ''आप युवा खिलाड़ियों की तकनीक में कुछ बदलाव कर सकते हैं लेकिन अनुभवी खिलाड़ियों के साथ ऐसा करना मुश्किल है। उन्हें व्यस्त कैलेंडर में अपने खेल पर काम करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिलता है।'' कोहली को पिछले तीन-चार साल से बार-बार एक ही तरह आउट होते देखना निराशाजनक है। हर किसी को उनकी तकनीक में आयी कमी के बारे में पता है लेकिन क्या कोई इससे निजात पाने का तरीका बता सकता है? इंग्लैंड के 2021 के दौरे को छोड़ दे तो 'एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया)' देशों में उनका प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। भारतीय बल्लेबाजों की तकनीक में सुधार नहीं होने पर पूर्व दिग्गज बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने टीम में बल्लेबाजी कोच की उपयोगिता पर सवाल उठाया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, '' मुझे लगता है कि भारतीय टीम में बल्लेबाजी कोच की भूमिका की जांच करने का समय आ गया है।

# स्मृति मंधाना वनडे-टी20 अंतरराष्ट्रीय दोनों रैंकिंग में शीर्ष 3 में पहुंची, हरमनप्रीत कौर नीचे खिसकीं

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की मंगलवार को जारी नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान के फायदे से दूसरे जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के अंतिम मैच में 105 रन की पारी खेली जबकि वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को मुंबई में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 रन बनाए। मंधाना एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में एकमात्र भारतीय हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दो स्थान के नुकसान से 13वें, जबकि हरलीन देओल नौ स्थान के फायदे से 64वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा दो स्थान के नुकसान से पांचवें पायदान पर हैं। भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 48 स्थान की लंबी छलांग के साथ 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि रेणुका ठाकुर 28वें से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं। इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट दो स्थान के फायदे से 11 स्थान पर हैं। उन्होंने नाबाद 65 रन की पारी खेलकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला 2-1 से जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। पर्थ में 50 रन बनाने वाली एशलेग गार्डनर 16वें से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं जबकि ताहलिया मैकग्रा आठ स्थान के फायदे से 24वें स्थान पर हैं। अनाबेल सदरलैंड 15 स्थान के फायदे से 29वें पायदान पर हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 110 रन की मैच विजयी पारी खेली थी। गार्डनर गेंदबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं जो उनके करियर की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। वह ऑलराउंडर की सूची में भी चौथे से दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप दो स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर हैं जबकि इंग्लैंड की चार्ली डीन (दो स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर), नैट स्किवर ब्रंट (एक स्थान के फायदे से 16वें स्थान पर) और लॉरेन बेल (चार स्थान के फायदे से 21वें स्थान पर) की तिकड़ी को भी फायदा हुआ है।



# भारतीय कुश्ती के लिए निराशाजनक रहा साल 2024, पेरिस ओलंपिक में टूटा विनेश फोगाट का दिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कहते हैं कि खेलों को राजनीति से दूर रखना चाहिए लेकिन भारतीय कुश्ती में तो 2024 में खेलों की राजनीति ही हावी रही। एक समय ओलंपिक में सफलता की गारंटी माने जाने वाले इस खेल में प्रशासनिक उठापठक खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही और पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट का तय लग रहा पदक चले जाने से एक और निराशा हाथ लगी।

ठीक एक साल पहले भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव से बेंगलुरू में हाल ही में हुई राष्ट्रीय चैम्पियनशिप तक भारतीय कुश्ती दिशाहीन जहाज लग रही थी। एक समय था जब कुश्ती को ओलंपिक में भारत की पदक उम्मीदों में गिना जाता था लेकिन पेरिस ओलंपिक में अमन सहरावत के कांस्य पदक के अलावा इस खेल में भारत की झोली खाली रही। बदकिस्मती से विनेश का स्वर्ण पदक बिल्कुल करीब आकर निकल गया। ओलंपिक के लिये उनके पसंदीदा भारवर्ग में जगह नहीं बनने से विनेश ने निचले वर्ग में किस्मत आजमाई। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में पहले दौर में जापान की महान पहलवान युइ सुसाकी को हराया लेकिन फाइनल के दिन सुबह 100 ग्राम वजन अधिक पाये जाने के कारण अयोग्य करार दी गई। एक दिन बाद विनेश ने खेल को अलविदा कह दिया। घर लौटने के बाद उनका नायिकाओं की तरह स्वागत किया गया। विनेश ने राजनीतिक पारी शुरू करके कांग्रेस का दामन थामा और हरियाणा विधानसभा चुनाव में जुलाना से जीत दर्ज करके विधायक बन गई। बजरंग पूनिया भी कांग्रेस में शामिल हुए लेकिन उनकी किस्मत विनेश जैसी नहीं रही। अभ्यास शिविरों के दौरान डोप टेस्ट के लिये नमूने देने में नाकाम रहने के कारण उन पर चार साल का प्रतिबंध लगा। इससे पहले वह पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई भी नहीं कर सके थे। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद उनका कैरियर ग्राफ इस साल बिल्कुल नीचे चला गया। विनेश और बजरंग लगातार कहते रहे कि डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर उनकी लड़ाई राजनीतिक नहीं है।



### राजस्थान को रौंद कर यूपी कूच बिहार के क्वार्टर फाइनल में

**कानपुर।** अमन चौहान (100) और भाव्य गोयल (111) के शानदार शतकों के बाद आदित्य कुमार सिंह (59 रन पर पांच विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से उत्तर प्रदेश ने कूच बिहार ट्राफी के चार दिवसीय मुकाबले में मंगलवार को राजस्थान को 195 रनों से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। ग्रीनपार्क मैदान पर उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 258 रन बनाये थे जिसके जवाब में राजस्थान की टीम 254 रन बना कर आउट हो गयी थी। चार रन की मामूली मगर अहम लीड के साथ उत्तर प्रदेश ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया और 391 रन बना कर मेहमान टीम को जीत के लिये 396 रन का लक्ष्य दिया। राजस्थान की पहली पारी में पंजा खोलने वाले आदित्य कुमार सिंह का खौफ दूसरी पारी में भी मेहमान बल्लेबाजों पर साफ दिखा और आदित्य ने इस खौफ को बेजा भी साबित नही होने दिया और एक के बाद एक पांच विकेट चटका कर मेहमानों का पुलिंदा 200 रन पर बांध दिया। उन्हे मैन आफ द मैच चुना गया।

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को रिकार्ड 423 रनों से हराया

एजेंसी

**हैमिल्टन।** मिचेल सैंटनर (चार विकेट), टिम साउदी और मैट हेनरी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन मंगलवार को इंग्लैड को दूसरी पारी में 234 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला रिकार्ड 423 रनों से जीत लिया। न्यूजीलैंड की इंग्लैंड के खिलाफ यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। वहीं शुरुआती दो मैच जीतने वाली इंग्लैड तीन मैचों की सीरीज विजेता रही। इंग्लैंड ने आज दो विकेट पर 18 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। जेकब बेथेल और जो रूट ने संभलकर खेलते हुए तीसरे विकेट के लिये 104 रन जोड़े। मिचेल सैंटनर ने जो रूट (54) को पगबाधा आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद हैरी ब्रूक (एक) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। टिम साउदी ने जेकब बेथेल (76) को



आउटकर इंग्लैंड को बड़ा झटका दिया। गस ऐटकिंसन (43) और ब्राइडन कार्स (11) को मिचेल सैंटनर ने अपना शिकार बनाया। ऑली पोप (17) को मैट हेनरी ने बोल्ड आउट किया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी 47.2 ओवर में 234 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर मिचेल सैंटनर ने चार विकेट लिये। टिम साउदी और मैट हेनरी को दो-दो विकेट मिले। विलियम ओरूर्क ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले केन विलियमसन (156), डैरिल मिचेल (60), मिचेल सैंटनर (49) और टॉम ब्लंडल (नाबाद 44) की साहसिक बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को टेस्ट मैच के तीसरे दिन 658 रनों का विशाल लक्ष्य था। केन विलियमसन और रचिन रवींद्र की जोड़ी ने चौथे विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। मैथ्यू पॉट्स ने रचिन रवींद्र (44) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डैरिल मिचेल ने मोर्चा संभाला। डैरिल मिचेल (60) को जेकब बेथेल ने आउट किया। ग्लेन फिलिप्स (तीन) और मिचेल सैंटनर (49) रन बनाकर आउट हुये। केन विलियमसन ने 204 गेंदों में 20 चौके और एक छक्का लगाते हुए (156) रनों की शानदार पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 101.4 ओवर में 453 रन बनाये।

और पहली पारी के आधार पर मिली 204 रनों की बढ़त के साथ इंग्लैंड को जीत के लिए 658 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड की ओर से जेकब बेथेल ने तीन, बेन स्टोक्स और शोएब बशीर ने दो-दो विकेट लिये। मैथ्यू पॉट्स, गस ऐटकिंसन और जो रूट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 143 रन बनाये थे।

# सांचीकनेक्ट और योरनेस्ट आठ स्टार्टअप में करेंगे 48 करोड़ निवेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** डीपटेक इनेबलमेंट नेटवर्क सांचीकनेक्ट ने योरनेस्ट वेंचर कैपिटल के साथ साझेदारी में आठ स्टार्टअप में देश के सबसे बड़े डीपटेक एक्सेलेरेटर प्रोग्राम के माध्यम से 48 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की।

सांचीकनेक्ट ने सोमवार को बयान जारी कर बताया कि यह पहल वर्ष 2024 के सबसे बड़े डीपटेक फंडिंग कोहोर्ट को चिह्नित करती है, जो उभरते और डीपटेक नवाचारों के लिए भारत के अग्रणी एक्सेलेरेटर के रूप में वेलोसिटी की स्थिति को रेखांकित करती है। इस मील के पत्थर के साथ कार्यक्रम देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में अभूतपूर्व विचारों को पोषित करने और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के



लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। सात महीने तक चलने वाले इस कार्यक्रम को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 23 राज्यों और छह केंद्र शासित प्रदेशों से 1280 आवेदन प्राप्त हुए, जो इसकी राष्ट्रीय पहुंच और समावेशिता को दर्शाता है। एक कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद विनिर्माण, रसद, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, उद्यम समाधान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उनकी विघटनकारी क्षमता के लिए आठ असाधारण स्टार्टअप का चयन किया गया। वेलोसिटी एक्सेलेरेटर प्रोग्राम स्टार्टअप को एक व्यापक विकास मंच प्रदान करता है। वित्तीय सहायता के अलावा यह कार्यक्रम विशेषज्ञ मार्गदर्शन, बाजार में जाने की रणनीति और उद्योग जगत के नेताओं तक पहुंच प्रदान करता है। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण आईआईटी कानपुर के नोएडा कैंपस में चार दिवसीय इमर्सिव बूटकैंप है। इस बूटकैंप में ब्रांडिंग, नेतृत्व और टीम-निर्माण पर कार्यशालाएं शामिल हैं। योरनेस्ट वेंचर कैपिटल के प्रबंध निदेशक सुनील गोयल ने कार्यक्रम के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, वेलोसिटी जैसे कार्यक्रम भारत की डीपटेक क्षमता को अनलॉक करने में सहायक हैं। सांचीकनेक्ट के तकनीक समर्थित इस समूह की विविधता इस बात का उदाहरण है कि कैसे सहयोग स्केलेबल, वास्तविक दुनिया के समाधानों को आगे बढ़ा सकता है। सांचीकनेक्ट के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुनील के. शेखावत ने कहा, वेलोसिटी एक्सेलेरेटर प्रोग्राम भारत में एक मजबूत डीपटेक इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए सांचीकनेक्ट की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी भूमिका फंडिंग से परे है। हम संभावित शुरुआती रत्नों की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए आवश्यक उपकरण, अंतर्दृष्टि और सहायता प्रदान करने के लिए वीसी और निवेशकों को अपनी व्यावसायिक विशेषज्ञता और कार्यक्रम प्रबंधन क्षमताओं का लाभ उठाते हैं।

# सनाथन टेक्सटाइल्स का आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा

एजेंसी

**अहमदाबाद।** सनाथन टेक्सटाइल्स लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 दिसंबर को खुलेगा। कंपनी की ओर से मंगलवार को जारी बयान के अनुसार सनाथन टेक्सटाइल्स लिमिटेड तीन बिजनेस वर्टिकल से टेक्सटाइल यार्न मैन्युफैक्चरिंग के बिजनेस में लगी हुई है, जिसमें शामिल हैं पॉलिएस्टर यार्न प्रोडक्ट्स, कॉटन यार्न प्रोडक्ट्स, टेक्निकल टेक्सटाइल्स और इंडस्ट्रियल यूजेज के लिए यार्न ने 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर फेस वैल्यू वाले अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफर के लिए प्राइस बैंड 305 से 321 रुपये तय किया है। कंपनी का आईपीओ गुरुवार, 19 दिसंबर को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और सोमवार, 23 दिसंबर को बंद होगा। निवेशक




न्यूनतम 46 इक्विटी शेयरों और इसके बाद 46 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगा सकते हैं। आईपीओ 400 करोड़ रुपए तक के फ्रेश इश्यू और 150 करोड़ रुपए तक के ऑफर फॉर सेल का मिक्स है। इसके फ्रेश इश्यूएंस से प्राप्त आय का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान या पूर्व-भुगतान के लिए 160 करोड़ रुपए की सीमा तक किया जाएगा; इसकी सहायक कंपनी सनाथन पॉलीकॉट प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के लिए 140 करोड़ रुपए का इस्तेमाल होगा। इससे सहायक कंपनी द्वारा लिए गए कुछ उधारों के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान और/या पूर्व-भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा जनरल कॉर्पोरेट पर्पज में भी इस्तेमाल होगा।

# मोदी नेचुरल्स की इथेनॉल उत्पादन क्षमता करीब ढाई गुना करने की तैयारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मोदी नेचुरल्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मोदी बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड (एमबीपीएल) 100 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से अपनी इथेनॉल उत्पादन क्षमता को दैनिक 3.10 लाख लीटर से बढ़ा कर 3.10 लाख लीटर करने जा रही है।

कंपनी ने सोमवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि उसका यह महत्वाकांक्षी प्रयास 8-10 महीनों में पूरा होने की उम्मीद है। विज्ञप्ति के अनुसार वह इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कंपनी अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और नवीन प्रौद्योगिकी में निवेश कर रही है। बयान में कहा गया है कि एमबीपीएल ने इसके लिए काम पहले ही शुरू कर दिया है और एक नई परियोजना पर निर्माण शुरू कर दिया है। उसकी क्षमता मौजूदा 130



हजार लीटर दैनिक(केएलडी )है और विस्तार परियोजना में 180 केएलडी की क्षमता और बढ़ेगी और कुल क्षमता 310 केएलडी हो जाएगी। विज्ञप्ति के अनुसार कंपनी की मौजूदा 130 केएलडी अनाज आधारित इथेनॉल डिस्टिलरी, 5 मेगावाट कैप्टिव पावर जेनरेशन प्लांट के साथ, रायपुर ( छत्तीसगढ़) उपस्थिति है। मोदी बायोटेक को विभिन्न तेल विनिर्माण कंपनियों (ओएमसी) से 41,600 किलोलीटर इथेनॉल के लिए 300 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिले हैं। मोदी नेचुरल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अक्षय मोदी ने कहा, हम जैव ईंधन क्षेत्र में विकास और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और यह विस्तार हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पन्ना की उथली खदान में किसान को मिला 17.11 कैरेट वजन का हीरा


**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की रत्नगर्भा धरती ने आज एक गरीब किसान को फिर मालामाल कर दिया है। हीरा की खदानों के लिए प्रसिद्ध पन्ना जिले की उथली खदान से इस किसान को 17 कैरेट 11 सेन्ट वजन का कीमती हीरा मिला है। यह हीरा पन्ना शहर के रानीबाग निवासी प्रकाश कुशवाहा को कृष्णा कल्याणपुर की पटी हीरा खदान में मिला है। खदान से निकले इस हीरा को किसान ने आज ही हीरा कार्यालय में जमा करा दिया है। हीरा कार्यालय पन्ना के हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि रानीबाग पन्ना निवासी प्रकाश कुशवाहा को 17.11 कैरेट वजन का हीरा मिला है, जो जेम क्वालिटी का है। हीरा पारखी ने बताया कि जमा हुए इस हीरे को आगामी नीलामी में बिक्री के लिए रखा जायेगा। बिक्री से प्राप्त राशि में से शासन की रायल्टी काटने के बाद शेष राशि हीरा धारक को प्रदान की जाएगी। हीरे की अनुमानित कीमत पूछे जाने पर हीरा पारखी ने बताया कि अभी उसकी कीमत नहीं बताई जा सकती।

# शुरूआती तेजी के बाद शेयर बाजार में कोहराम

एजेंसी

**मुंबई।** दुनिया के केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक से पहले विश्व बाजार में आई भारी गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में शुरूआती तेजी के बाद कोहराम मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1064.12 अंक अर्थात 1.30 प्रतिशत का गोता लगाकर दो सप्ताह के निचले स्तर 80,684.45 अंक पर आ गया।

इससे पहले 03 दिसंबर को यह 80,845.75 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 332.25 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,336.00 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.65 प्रतिशत लुढ़ककर 47,815.80 अंक और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत टूटकर 56,928.98 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4107 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से




2442 में बिकवाली जबकि 1576 में लिवाली हुई वहीं 89 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 48 कंपनियों में गिरावट जबकि अन्य दो में तेजी रही।

बीएसई के सभी 21 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 1.39, सीडी 0.88, ऊर्जा 1.64, एफएमसीजी 0.44, वित्तीय सेवाएं 1.37, हेल्थकेयर 0.44, इंडस्ट्रियल्स 0.92, आईटी 0.49, दूरसंचार 2.18, यूटिलिटीज 0.95, ऑटो 1.70, बैंकिंग 1.33, कैपिटल गुड्स 1.02, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.27, धातु 1.77, तेल एवं गैस 1.59, पावर 0.72, रियल्टी 0.06, टेक 1.07, सर्विसेज 0.79 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.50 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.77, जापान का निक्केई 0.24, हांगकांग का हैंगसेंग 0.48 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.73 प्रतिशत गिर गया। हालांकि जर्मनी का डैक्स 0.13 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 237 अंक की गिरावट लेकर 81,511.81 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,613.64 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली शुरू होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 80,612.20 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 81,748.57 अंक के मुकाबले 1.30 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,684.45 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी 83 अंक टूटकर 24,584.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,624.10 अंक के उच्चतम जबकि 24,303.45 अंक के निचले स्तर पर रहा।

अंत में पिछले सत्र के 24,668.25 अंक की तुलना में 1.35 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,336.00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियों ने नुकसान उठाया।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कांग्रेस मंत्री के खिलाफ मानहानि का मामला किया खारिज

एजेंसी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस नेता और राज्य मंत्री सतीश जारकीहोली के खिलाफ दायर मानहानि का मामला खारिज कर दिया, जिन पर अपनी टिप्पणियों से हिंदुओं को बदनाम करने का आरोप था।

न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने बेंगलुरु स्थित वकील दिलीप कुमार द्वारा दायर एक निजी शिकायत पर संज्ञान लेने के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के फैसले को रद्द कर दिया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि जारकीहोली ने यह कहकर हिंदू समुदाय की भावनाओं को आहत किया कि हिंदू शब्द फारसी है और इसका नकारात्मक अर्थ है। अदालत ने निर्णय दिया कि इस मामले में निश्चित वर्ग के लोगों की मानहानि शामिल नहीं है, जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 (मानहानि) के स्पष्टीकरण-2 के अंतर्गत आवश्यक है। नरसिम्हन बनाम टीवी चोक्कप्पा मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का हवाला देते हुए न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि किसी संदिग्ध या अनिश्चित समूह के खिलाफ मानहानि का दावा नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति नागप्रसन्ना ने कहा, यह एक ऐसा मामला है जहां लोगों के एक निश्चित वर्ग को नहीं, बल्कि एक अनिश्चित वर्ग को बदनाम करने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी स्थिति आईपीसी के अंतर्गत मानहानि योग्य नहीं है। शिकायतकर्ता ने आईपीसी की धारा 153 का भी हवाला देते हुए आरोप लगाया था कि जरकीहोली के बयान से कई जगहों पर दंगे भड़के थे. हालांकि, अदालत ने कहा कि बयान धारा 153 की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है, जो दंगों के उद्देश्य से उत्तेजक बयानों को संबोधित करता है। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वास्तव में दंगा हुआ था या नहीं, और इस मामले में, बयान का उद्देश्य हिंसा भड़काना नहीं था।

अपने फैसले में अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया स्तर पर भी कथित अपराधों की पुष्टि नहीं हुई थी। अदालत ने जारकीहोली के खिलाफ कानूनी कार्यवाही को रद्द करते हुए कहा कि आगे की कार्यवाही की अनुमति देना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा और इसके परिणामस्वरूप न्याय की हत्या होगी। जारकीहोली की ओर से अधिवक्ता बीएस श्रीनिवास पेश हुए, जबकि शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता धर्मपाल पेश हुए।

# ट्रम्प ने टिकटॉक सीईओ से मुलाकात की

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टिकटॉक के सीईओ से मुलाकात की है। सोशल मीडिया दिग्गज ने वाशिंगटन द्वारा इसे प्रतिबंधित करने की योजना का विरोध किया है।

श्री ट्रम्प के संचार उप निदेशक मार्गो मार्टिन के फुटेज में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा कि उनके दिल में ऐप के लिए एक गर्मजोशी है जो उन्हें विश्वास है कि युवा मतदाताओं को आकर्षित करने में उनकी मदद करता है। बीबीसी के अमरीकी पार्टनर सीबीएस न्यूज़ ने बैठक से परिचित सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि श्री ट्रम्प ने सोमवार को फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो एस्टेट में शू ज़ी च्यू से मुलाकात की। इस साल की शुरुआत में पारित एक कानून का मतलब है कि टिकटॉक पर तब तक प्रतिबंध रहेगा जब तक कि इसे इसकी चीनी मूल कंपनी बाइटडांस द्वारा 19 जनवरी से पहले नहीं बेचा जाता। कंपनी ने प्रतिबंध को स्थगित करने के लिए अमेरिकी शीर्ष अदालत में एक आपातकालीन आवेदन किया है। अमेरिका चाहता है कि टिकटॉक को बेचा जाए या प्रतिबंधित किया जाए क्योंकि बाइटडांस और चीनी राज्य के बीच कथित संबंध हैं। ऐसे संबंध जिनसे टिकटॉक और बाइट डांस दोनों ने हमेशा इनकार किया है। अदालत में पेश करने वाले विधेयक में कहा गया है कि इसका उद्देश्य विदेशी विरोधी नियंत्रित अनुप्रयोगों द्वारा उत्पन्न खतरे से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करना है। श्री ट्रम्प प्रतिबंध का विरोध करते हैं। अपने पहले कार्यकाल के दौरान एक का समर्थन करने के बावजूद आंशिक रूप से इस आधार पर कि यह फेसबुक की मदद कर सकता है जिस पर उन्होंने 2020 के चुनाव में उनकी हार में सहायता करने का आरोप लगाया।

## संक्षिप्त सामाचार

### महाराष्ट्र विधान सभा से विपक्ष ने किया बहिर्गमन

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा बीड़ हत्याकांड पर चर्चा कराने की अनुमति न देने पर मंगलवार को सम्पूर्ण विपक्ष ने सदन ने बहिर्गमन किया। गौरतलब है की आजकल महाराष्ट्र सरकार का शीतकालीन विधान सत्र नागपुर में चल रहा है जो 21 दिसंबर तक चलेगा। सोमवार को भी विपक्षी दलों ने परभणी में दलित हत्याकांड को लेकर सदन से बहिर्गमन किया था। विधान परिषद के नागपुर सत्र का आज दूसरा दिन है। मुख्य मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सदन में सोमवार को वादा किया था कि वे बीड़ के घटना से पीड़ित लोगों को न्याय दिलाएंगे। इससे पहले विपक्षी दलों ने बीड़ और परभणी मामलों को दोनों सदनों में जोरशोर से उठाया थे। विपक्षी दलों ने परभणी और बीड़ मामलों पर बहस कराने की मांग की थी, लेकिन विधान सभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने स्पष्ट किया की नियम 101 के तहत इस पर बुधवार को चर्चा होगी।

### आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए गर्थ लगाई फटकार

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी किम गर्थ को बुधवार को पर्थ में भारत के खिलाफ आईसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला के तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के स्तर 1 का उल्लंघन का दोषी पाये जाने पर फटकार लगाई गई है। गर्थ को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते पाया गया, जो 'अतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान अभ्रद भाषा' से संबंधित है। उनके 24 महीने की अवधि में इस पहले अपराध के लिए अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

यह घटना भारत की पारी के चौथे ओवर में उस समय हुई जब गर्थ ने बाउंड्री लगने के बाद अद्रभ भाषा का इस्तेमाल किया। गार्थ ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के डेविड गिल्बर्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर क्लेयर पोलोसाक और जैकलीन विलियम्स, तीसरे अंपायर एलोइस शेरिडन और चौथे अंपायर एशली गिबन्स ने आरोप तय किए। उल्लेखनीय है कि लेवल 1 उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक है।

### पंचायत चुनावों का तय कार्यक्रम पेश करे राज्य सरकार: हाईकोर्ट

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार से नगर निकाय चुनाव के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के मामले में तय कार्यक्रम शपथपत्र के माध्यम से अदालत में पेश करने को कहा है। इस मामले में दो सप्ताह बाद सुनवाई होगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ ने सुमन सिंह और अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से ऊधम सिंह नगर और नैनीताल जिला पंचायतों में निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक नियुक्त करने संबंधी आदेश को चुनौती दी गयी। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया।

# भांडुप में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** श्री नारायण सेवा समिति भांडुप द्वारा श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 15 दिसंबर से 21दिसंबर तक शाम 6बजे से 8बजे तक जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायनानंद तीर्थ (काशी धर्म पिठाधिश्वर - रामेश्वर मठ )द्वारा नित्यानंद मंदिर प्रांगण, भांडुप प. पर प्रभु श्री राम की लीलाओ का वर्णन किया जा रहा है इस अवसर पर सारिका मंगेश पवार (मा. नगरसेविका ), डॉ. रमेश सिंह, अजय पटेल,प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र दुबे,एड. संतोष सिंह, इंद्रजीत तिवारी, समरजीत मिश्रा, शैलेश तिवारी,सुभाष यादव, कृष्णकांत तिवारी हैँ रामकथा श्रवण हेतु भांडुप की श्रद्धालु जनता की भारी भीड़ उमड़ रही है ।

# थके सीएम और रिटायर्ड पदाधिकारी चला रहे बिहार: तेजस्वी यादव

एजेंसी



**मधेपुरा।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि थके मुख्यमंत्री और रिटायर्ड पदाधिकारी राज्य को चला रहे हैं। कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम के चौथे चरण में मधेपुरा पहुंचे तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नीति आयोग के रिपोर्ट में बिहार का नाम सबसे गरीब राज्य में दर्ज है।बेरोजगारी और गरीबी के साथ पलायन सबसे बड़ी समस्या है। इसे दूर करने में नीतीश सरकार असफल रही है। उन्होंने बिहार को विशेष राज्य की दर्जा नहीं देने पर सीएम और पीएम से हिसाब मांगा। श्री यादव ने माय बहन सम्मान योजना को लेकर जनता दल यूनाईटेड (जदयू) सांसद ललन सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए उनसे मुख्यमंत्री के 15 दिन के बिहार यात्रा के खर्च का हिसाब मांगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले ललन सिंह को जवाब देना चाहिए कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 15 दिनों के लिए बिहार यात्रा पर दो अरब 25 करोड़ 78 लाख रुपए का जो खर्च है वह कहां से आ रहा है। इसका हिसाब उन्हें जनता को देना चाहिए। वहीं इस दौरान उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ (आरएसएस) का कानून देश में लागू करना चाहते हैं। चुनाव आयोग समय पर चुनाव नहीं करा सकते हैं। एक साथ कई राज्यों में चुनाव नहीं हो सकता है। एक राज्य में भी एक चरण में चुनाव नहीं संपन्न हो सका है तो पूरे देश में एक साथ चुनाव कैसे संपन्न हो सकता है। यदि खर्च बचाने की बात है तो सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा पिछले 11 सालों में अब तक विज्ञापन पर कितना खर्च किया गया है, इसका हिसाब उन्हें जनता को देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आज कह रहे हैं वन नेशन वन इलेक्शन फिर कल कहेंगे वन नेशन, वन पार्टी कहेंगे और वन नेशन वन लीडर होगा। इन सबका कोई मतलब नही है बस ये लोग आरएसएस का एजेंडा सेट करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि थके सीएम और रिटायर्ड पदाधिकारी से बिहार का विकास नहीं हो सकता।

# संविधान ने उसके साथ खिलवाड़ करने वालों को दंडित किया: देवेगौड़ा

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं जनता दल (एस) के वरिष्ठ नेता एच. डी. देवेगौड़ा ने देश के संविधान को बेहद सशक्त बताते हुए मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि जिसने भी संविधान के साथ खिलवाड़ किया है, संविधान ने उसे दंडित किया है।

श्री देवेगौड़ा ने सदन में संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि संविधान देश के लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान इतना सशक्त है कि जिसने भी संविधान के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की, संविधान ने उसे दंडित किया है। उन्होंने कहा कि इसी संविधान ने उन्हें किसान पुत्र के रूप में देश का प्रधानमंत्री बनने का अवसर दिया। उन्होंने देश को इस तरह का संविधान देने के लिए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव ने कहा कि हमारा संविधान सहमति का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि संविधान में सभी तरह की समानता के साथ साथ आर्थिक समानता का भी अधिकार दिया गया है लेकिन देश में अमीर और गरीबों का अंतर बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि देश का किसान कर्ज के नीचे दबा हुआ है जबकि बड़े-बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में सरकार ने संविधान में प्रदत सभी अधिकारों का हनन किया है। माकपा के जॉन ब्रिटास ने कहा कि देश में अघोषित आपातकाल है। उन्होंने कहा कि इस सदन का एक सप्ताह का समय जार्ज सोरोस के नाम पर बर्बाद किया गया , यह एक तरह से करदाताओं के पैसे को बर्बाद करने के समान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करने को कहा है लेकिन वह मणिपुर को लेकर अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने सरकार पर संघवाद को समाप्त करने का आरोप लगाते हुए 'एक देश एक चुनाव' को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाये। केन्द्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि यह सोचने की बात है कि बड़े-बड़े समाजवादी नेताओं ने आजादी के बाद कांग्रेस को क्यों छोड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई कांग्रेस के नेता थे, उन्होंने कांग्रेस क्यों छोड़ी और छात्रों के साथ अनशन पर क्यों बैठे। चंद्रशेखर जी कांग्रेस में थे, उन्होंने भी कांग्रेस छोड़ी। ममता बनर्जी ने भी कांग्रेस छोड़ी। उन्होंने कहा कि यह भी बड़ा सवाल है कि तत्कालीन सरकार ने आपातकाल क्यों लगाया। कांग्रेस के नासिर हुसैन ने कहा कि सरकार को समाजवाद शब्द से एतराज क्यों है। अगर समाजवाद से एतराज है तो देश में समाजवाद के आधार पर अनेक योजनाएं क्यों चलायी जा रही हैं, इन्हें बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की बात करती है लेकिन अडानी के मुद्दे पर चर्चा नहीं करा रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर सरकारों को गिराने का आरोप लगाने वाली भाजपा को बताना चाहिए कि उसने पिछले दस वर्षों में कितने राज्यों में सरकार गिराई हैं।

उन्होंने कहा कि यह सरकार देश को संप्रदाय के आधार पर बांट रही है और भारत की पहचान तेजी से अल्पसंख्यकों से घृणा करने वाले देश की बनती जा रही है। आम आदमी पार्टी के अशोक मित्तल ने कहा कि संविधान देश के लिए बना है। कभी इस देश को सांप सपेरों का देश कहा जाता था लेकिन अब हम आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। शीघ्र ही भारत के पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। यह सब संविधान की वजह से ही संभव हो रहा है।

# डॉ कृष्णा चौहान दिलीप सेन, एसीपी संजय पाटिल के हाथों मो. रफ़ी अवाई से सम्मानित, केसीएफ ने ट्रॉफी स्पॉन्सर की

शकुन टाइम्स संवाददाता



**मुम्बई।** गेस्ट ऑफ ऑनर निर्माता निर्देशक डॉ कृष्णा चौहान को मोहम्मद रफी अवार्ड से नवाजा गया। इस का भव्य आयोजन 16 दिसंबर को मेयर हॉल अंधेरी में किया गया जहां कई सितारे हाज़िर हुए। निर्माता, निर्देशक, समाजसेवी डॉ कृष्णा चौहान ने केसीएफ फाउंडेशन के अंतर्गत इस कार्यक्रम में सभी ट्रॉफी को स्पॉन्सर किया था जिसमें संगीतकार दिलीप सेन, एसीपी संजय पाटिल, रमेश गोयल, आर राजपाल सहित फ़िल्म, टीवी जगत के कई गेस्ट्स मौजूद रहे।

टॉप टू टॉप अकादमी प्रस्तुत मो रफी अवार्ड की ऑर्गनाइजर नैना चौधरी रहीं। मो रफी अवार्ड 2024 में फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों, गायकों, संगीतकारों और टेक्नीशियन को ट्रॉफी से नवाजा गया। सितारों और म्युज़िक से भरी यह एक यादगार शाम रही।केसीएफ के संस्थापक डॉ कृष्णा चौहान का अगला अवार्ड चौथा राष्ट्रीय रत्न सम्मान 2025 होगा जो अगले साल 26 जनवरी को होने जा रहा है।

# ट्रम्प ने टिकटॉक सीईओ से मुलाकात की

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टिकटॉक के सीईओ से मुलाकात की है। सोशल मीडिया दिग्गज ने वाशिंगटन द्वारा इसे प्रतिबंधित करने की योजना का विरोध किया है। श्री ट्रम्प के संचार उप निदेशक मार्गो मार्टिन के फुटेज में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा कि उनके दिल में ऐप के लिए एक गर्मजोशी है जो उन्हें विश्वास है कि युवा मतदाताओं को आकर्षित करने में उनकी मदद करता है।

बीबीसी के अमरीकी पार्टनर सीबीएस न्यूज़ ने बैठक से परिचित सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि श्री ट्रम्प ने सोमवार को फ्लोरिडा में अपने मार-ए-लागो एस्टेट में शू ज़ी च्यू से मुलाकात की। इस साल की शुरुआत में पारित एक कानून का मतलब है कि टिकटॉक पर तब तक प्रतिबंध रहेगा जब तक कि इसे इसकी चीनी मूल कंपनी बाइटडांस द्वारा 19 जनवरी से पहले नहीं बेचा जाता। कंपनी ने प्रतिबंध को स्थगित करने के लिए अमेरिकी शीर्ष अदालत में एक आपातकालीन आवेदन किया है। अमेरिका चाहता है कि टिकटॉक को बेचा जाए या प्रतिबंधित किया जाए क्योंकि बाइटडांस और चीनी राज्य के बीच कथित संबंध हैं। ऐसे संबंध जिनसे टिकटॉक और बाइट डांस दोनों ने हमेशा इनकार किया है। अदालत में पेश करने वाले विधेयक में कहा गया है कि इसका उद्देश्य विदेशी विरोधी नियंत्रित अनुप्रयोगों द्वारा उत्पन्न खतरे से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करना है। श्री ट्रम्प प्रतिबंध का विरोध करते हैं। अपने पहले कार्यकाल के दौरान एक का समर्थन करने के बावजूद आंशिक रूप से इस आधार पर कि यह फेसबुक की मदद कर सकता है जिस पर उन्होंने 2020 के चुनाव में उनकी हार में सहायता करने का आरोप लगाया। श्री ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल 20 जनवरी से शुरु होगा। यह कानून में निर्धारित समय सीमा के एक दिन बाद है। शीर्ष अदालत में सोमवार को दाखिल अपनी फाइलिंग में टिकटॉक ने प्रतिबंध के प्रवर्तन में मामूली देरी करने के लिए कहा ताकि न्यायालय द्वारा समीक्षा के लिए सांस लेने की जगह बनाई जा सके और आने वाले प्रशासन को इस मामले का मूल्यांकन करने की अनुमति मिल सके। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार इसने टिकटॉक को अमेरिका में सबसे महत्वपूर्ण भाषण प्लेटफार्मों में से एक के रूप में वर्णित किया और कहा कि प्रतिबंध कंपनी और उसके उपयोगकर्ताओं को तत्काल अपूरणीय क्षति पहुंचाएगा।

### पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाई, प्रवासी मजदूर गिरफ्तार

**आदमपुर/जालंधर।** पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने मंगलवार को आदमपुर में हुई हत्या के मामले की गुत्थी को सुलझा लिया है। इस मामले में आरोपी प्रवासी मजदूर को गिरफ्तार कर लिया गया है और हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरकमल प्रीत सिंह खख ने बताया कि आरोपी की पहचान झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा के बोकटौली केबरा निवासी दामू चंपिया के पुत्र रामराय चंपिया के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर 2024 की रात को ओडिशा के सुंदरगढ़ निवासी 60 वर्षीय प्रवासी मजदूर आनंद गुरिया की महदीपुर गांव की एक हवेली में हत्या कर दी गयी थी। सूचना मिलने के बाद आदमपुर के थाना प्रभारी रविंदरपाल सिंह के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पीड़ित और आरोपी, जिसकी पहचान झारखंड के बोकटौली निवासी रामराय चंपिया के रूप में हुई है, ने उस शाम साथ में शराब पी थी। पैसे के लेन-देन को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद आरोपी ने

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes



केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए



आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007